बागेश्वर धाम एवं मेहंदीपुर बालाजी के चरणों में समर्पित

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# संस्कार उजाला

www.sanskarujala.com

सच की हुंकार

sanskarujala@gmail.com

संस्थापक स्व० सुखराम शर्मा एवम शिवकुमार शर्मा, श्री प्रकाशवीर

सच की हुंकार



संस्थापक
स्व. श्री आर. के. शर्मा

गाजियाबाद से प्रकाशित, दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, हरियाणा, सहारनपुर, मेरठ, मुरादाबाद, बरेली, हापुड, बुलंदशहर, मथुरा आगरा, इटावा, कानपुर एंव लखनऊ से प्रसारित

वर्ष : 12 अंक : 86 | शुक्रवार 19 जुलाई 2024, गाजियाबाद | RNI No-UPHIN / 2013 / 50466 | पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

# शंभू बॉर्डर खोलने की डेडलाइन खत्म

## किसान करेंगे दिल्ली कूच, 15 अगस्त को देश भर में ट्रैक्टर मार्च

**चंडीगढ़ ।**

पंजाब-हरियाणा के शंभू बॉर्डर को खोलने के हाईकोर्ट के आदेश की डेडलाइन आज खत्म हो रही है। अभी तक बॉर्डर को खोलने की कोई पहल सरकार की तरफ से नहीं की गई है। हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। वहीं फरवरी से डटे किसानों ने हाईकोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली कूच का एलान कर दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक के सदस्य जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि वह शंभू सीमा खुलते ही दिल्ली के लिए कूच कर देंगे। 15 अगस्त को ट्रैक्टर मार्च निकालने का भी फैसला लिया गया है। यह ट्रैक्टर मार्च देश भर में निकाला जाएगा।

**नई मांग नहीं, वादे पूरा करे सरकार**

किसान आंदोलन के दौरान वाटर कैनन बॉय के नाम से मशहूर हुए नवदीप जलबेड़ा को पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से नियमित जमानत मिलने के बाद किसान नेताओं ने बुधवार को अंबाला एसपी कार्यालय के घेराव का फैसला टाल दिया है। डल्लेवाल ने बताया कि उनके पास छह महीने का राशन है। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की है कि उनको जंतर-मंतर या दिल्ली के रामलीला मैदान में शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की अनुमति दी जानी चाहिए। अगर रास्ते में कहीं भी सरकार ने रोकने का प्रयास किया तो वे वहीं पर धरना शुरू कर देंगे। इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार की होगी। डल्लेवाल ने कहा कि वे यह कूच ट्रैक्टर ट्रॉलियों के साथ करेंगे, क्योंकि बारिश, गर्मी व सर्दी से बचने के लिए उनके पास एकमात्र विकल्प ट्रॉली ही होती है। उन्होंने कहा कि वे केंद्र सरकार से कोई मांग नहीं कर रहे हैं, बल्कि सरकार ने जो वादे किए थे, उनको पूरा करवाने के लिए ही आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बॉर्डर खोलने के लिए तैयार नहीं हो रही है। हरियाणा सरकार के रास्ता न खोलने पर व्यापारियों को भी किसानों का साथ देने के साथ भाजपा के खिलाफ आंदोलन करना चाहिए। 300 मीटर पंजाब की तरफ बॉर्डर का एरिया पड़ता है, इसलिए बॉर्डर खोलने का आदेश पंजाब सरकार के लिए भी है।

**22 जुलाई को दिल्ली में होगा सम्मेलन**

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) एवं किसान मजदूर मोर्चा का साझा सम्मेलन नई दिल्ली में 22 जुलाई को होगा। दोनों मोर्चों ने राहुल गांधी, अखिलेश यादव समेत विपक्ष के तमाम नेताओं से मुलाकात के लिए पत्र लिखा है और उनसे मुलाकात करके संसद के आगामी सत्र में एमएसपी गारंटी कानून समेत किसानों की तमाम मांगों पर प्राइवेट बिल लाने की मांग की जाएगी। आने वाले दिनों में हरियाणा में घर-घर जाकर दोनों मोर्चों के पदाधिकारी किसानों व मजदूरों को जागरूक करेंगे। 15 सितंबर को हरियाणा में राष्ट्रीय स्तर की किसान महापंचायत की जाएगी, जिसमें लाखों किसान शामिल होंगे।

**अंबाला में धारा 163 लागू**

अंबाला की जिला उपायुक्त डॉ. शालीन ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लगा दी है। इन आदेशों के तहत पांच या इससे ज्यादा व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी। एसपी कार्यालय के 200 मीटर के दायरे में भीड़ एकत्रित नहीं हो सकेगी। ये आदेश 17 जुलाई से आगामी दो माह तक लागू रहेंगे। दातासिंहवाला बॉर्डर पर किसानों की सक्रियता बढने लगी है। 17 और 18 जुलाई के अंबाला एसपी कार्यालय के घेराव को लेकर पंजाब के बठिंडा व सिरसा से एक हजार किसानों का जत्था पहुंच चुका है।

दैनिक संस्कार उजाला
न्यूज एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें



संस्कार उजाला समाचार पत्र में रिपोर्टर, ब्यूरोचीफ, मार्केटिंग करने वालों लोगों की जरुरत है। तुरंत संपर्क

महेश शर्मा
प्रबंध संपादक
मो. नं:-9911733939

# कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया - अमित शाह



**चंडीगढ़ ।**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हरियाणा के महेंद्रगढ़ में कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में पिछड़े वर्गों से आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे दिया। अगर वो हरियाणा में सत्ता में आती है तो यहां भी ऐसा ही करेगी। एक ओबीसी सम्मान सम्मेलन में शाह ने कहा कि कांग्रेस हमेशा से ही पिछड़े वर्गों के खिलाफ रही है। 1957 में ओबीसी आरक्षण के लिए काका कालेलकर आयोग का गठन किया गया था, लेकिन कांग्रेस ने इसे सालों तक लागू नहीं किया।

अमित शाह ने कहा कि 1980 में इंदिरा गांधी ने मंडल आयोग को ठंडे बस्ते में डाल दिया। 1990 में जब इसे पेश किया गया तो राजीव गांधी ने दो घंटे 43 मिनट का भाषण देकर ओबीसी आरक्षण का विरोध किया। अमित शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने ही पूरे देश को बताया कि उनकी सरकार दलितों, गरीबों और पिछड़ों की सरकार है। अमित शाह ने कहा, भाजपा ने देश को पहला सशक्त पिछड़ा वर्ग का प्रधानमंत्री देने का काम किया है। केंद्र में 71 में से 27 मंत्री पिछड़ा वर्ग से हैं। गृह मंत्री ने ओबीसी समुदाय के लिए प्रधानमंत्री के कामों को गिनाया और कहा कि उन्होंने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में उनके लिए आरक्षण सुनिश्चित किया।

गृहमंत्री ने कहा, मैं आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम हरियाणा में मुस्लिम आरक्षण नहीं होने देंगे। उन्होंने कांग्रेस नेता और दो बार मुख्यमंत्री रह चुके भूपेंद्र हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा, मैं एक-एक पाई का हिसाब लेकर आया हूं, आंकड़ों के साथ मैदान में आएं।

ज्ञात रहे कि हरियाणा में अक्टूबर में चुनाव हो सकते हैं। भाजपा यहां अकेले चुनाव लड़ने वाली है। उसकी नजर पिछड़े वर्ग को लुभाने पर है, जिनकी राज्य में 27 फीसदी हिस्सेदारी है। तीन सप्ताह से भी कम समय में अमित शाह का यह दूसरा हरियाणा दौरा है। इससे पहले गृह मंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके कैबिनेट सहयोगियों ने किया।


आरक्षण के मुद्दे पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर कांग्रेस पार्टी ने पलटवार किया है। कांग्रेस ने टीडीपी के आंध्रप्रदेश में आरक्षण पॉलिसी का जिक्र किया जिसमें मुसलमानों को भी आरक्षण देने की बात है। कांग्रेस ने कहा कि अमित शाह को आंध्रप्रदेश जाना चाहिए।

# शरद पवार ने भतीजे अजित की एनसीपी में लगाई बड़ी सेंध

## चार बड़े नेता शरद पवार गुट में लौटे मुंबई

**मुंबई ।** अजित पवार गुट से इस्तीफा देने के एक दिन बाद बुधवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के कई नेता और पार्षद शरद पवार खेमे में लौट आए। पुणे में शरद पवार के आवास पर एनसीपी के पूर्व पिंपरी-चिंचवाड़ इकाई के प्रमुख अजीत गव्हाणे उन नेताओं में शामिल थे, जो उनके गुट में शामिल हुए। राकांपा की पिंपरी-चिंचवाड़ इकाई के तीन अन्य वरिष्ठ नेता- राहुल भोसले, पंकज भालेकर और यश साने- जिन्होंने मंगलवार को पार्टी छोड़ दी थी, वे भी संस्थापक खेमे में शामिल हो गए। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी (शरद पवार गुट) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने कहा कि शरद पवार पिछले 60 वर्षों से महाराष्ट्र और केंद्र में विकास के लिए काम कर रहे हैं और यहां तक कि विपक्ष के लोग भी उनकी ओर बड़ी उम्मीद से देखते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पार्टी में कई लोगों के अलग-अलग अनुभव हैं। हमने हमेशा सुनिश्चित किया है कि विकास की हमारी विचारधारा मजबूत रहे। पवार साहब (शरद पवार) पिछले 60 वर्षों से महाराष्ट्र और केंद्र में विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं।

**भुजबल बदलेंगे पाला:** एनसीपी (अजित पवार) नेता छगन भुजबल ने एनसीपी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार से मुंबई में उनके आवास 'सिल्वर ओक' पर अचानक मुलाकात की। उनके बीच बंद दरवाजे के पीछे डेढ़ घंटे तक चर्चा हुई। सियासी गलियारों में इस मुलाकात के कई मायने निकाले जा रहे है। अटकलें लग रही हैं कि महाराष्ट्र के मंत्री और सीनियर एनसीपी नेता छगन भुजबल अजित पवार का साथ छोड़ सकते हैं।



# 13 महामंडलेश्वर निष्कासित, कुंभ मेले में नहीं मिलेगा स्थान

**नई दिल्ली ।** 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ की तैयारी शुरू हो गई हैं। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने 13 महामंडलेश्वरों और संतों को कुंभ मेले से निष्कासित करने का निर्णय लिया है।112 साधु संतों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिनसे 30 जुलाई के पहले स्पष्टीकरण मांगा गया है। जो महामंडलेश्वर और साधु संत वित्तीय गड़बड़ियों में लिप्त पाए गए हैं। उन्हें निष्कासित कर दिया गया है। निष्कासित साधु संतों को 2025 में प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के अनुसार जिन महामंडलेश्वर और साधु संतों की जांच की गई थी। उसमें 6 संत आंतरिक जांच में दोषी पाए गए हैं। अखाड़ा परिषद समय-समय पर संतों की गतिविधियों पर जांच कराता रहता है।

**संतो को नोटिस**

अखाड़ा परिषद ने जूना अखाड़े के 54, निरंजनी अखाड़े की 24, निर्मोही अखाड़े के 34 संतो सहित 13 महामंडलेश्वर, 24 मंडलेश्वर और महंत संतो को नोटिस जारी किए हैं।

**निष्कासित महामंडलेश्वर**

नासिक के महामंडलेश्वर जयेंद्रानंद दास, चेन्नई के महामंडलेश्वर हरेंद्रानंद अहमदाबाद के महंत रामदास उदयपुर के महंत अवधूतानंद और कोलकाता के महंत विजयेश्वर दास इसमें शामिल है।

# अग्निवीर पर हरियाणा सरकार का बड़ा ऐलान

## पुलिस की नौकरी में मिलेगा 10 फीसदी आरक्षण

**नई दिल्ली ।**

हरियाणा सरकार ने अग्निवीर को लेकर बड़ा ऐलान किया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि अग्निवीरों को पुलिस भर्ती और माइनिंग गार्ड की भर्ती में 10 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा ग्रुप सी और सी में 3 साल की आयु सीमा में छूट दी जाएगी। हरियाणा सरकार ने ग्रुप सी पदों पर भर्ती में अग्निवीर के लिए 5 फीसदी आरक्षण की घोषणा की है। वहीं जो अग्निवीर चार साल बाद खुद काम शुरू करना चाहेगा उसे काम शुरू करने के लिए सरकार 5 लाख तक का बिना ब्याज लोन देगी।

**अग्निपथ योजना पर संसद में उठा था मुद्दा**

हरियाणा सरकार की ये घोषणा उस वक्त हुई है जब हाल ही में संसद में अग्निपथ योजना का मुद्दा उठा था। लोकसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना का हवाला देते हुए कहा था कि मैं अग्निवीर के परिवार से मिला हूं। केंद्र सरकार अग्निवीर को शहीद का दर्जा नहीं



देती है। अग्निवीर यूज एंड थ्रो मजदूर हैं। इस योजना को लेकर जवानों के मन में भय है। मोदी जी इन जवानों को शहीद नहीं मानते हैं। इस पर राजनाथ सिंह ने राहुल के अग्निपथ सैन्य भर्ती योजना के दावों का खंडन करते हुए कहा था कि योजना को 158 संगठनों से सुझाव लेने के बाद शुरू किया गया था।

# महाराष्ट्र सरकार लाई लाडला भाई योजना

## 12वीं पास को 6 हजार, ग्रेजुएट को 10 हजार रुपए महीना मिलेंगे

**मुंबई ।**

लाडली बहन योजना की तर्ज पर महाराष्ट्र सरकार ने लाडला भाई योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत 12वीं पास विद्यार्थियों को 6000 रुपये, डिप्लोमा धारकों को 8000 रुपये और ग्रेजुएट की डिग्री प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को हर महीने 10,000 रुपये दिए जाएंगे। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने इस योजना की घोषणा की है। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने हाल ही में युवा बेरोजगारी का मुद्दा उठाया था जिसके बाद सरकार ने लाडला भाई योजना की घोषणा की है।

सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार की नजर लडका-लडकी में फर्क नहीं है, यह योजना बेरोजगारी का समाधान लाएगी।

लाडला भाई योजना में युवाओं को फैक्ट्रियों में अप्रेंटिसशिप मिलेगी और सरकार की तरफ से उन्हें वजीफा दिया जाएगा। बता दें कि महाराष्ट्र सरकार ने 27 जून को अपने बजट में लाडली बहन योजना यानी मुख्यमंत्री माझी लडकी बहन योजना की घोषणा की थी। बजट में महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये देने की घोषणा की गई है। ये भत्ता 21 से 60 वर्ष तक की महिलाओं को दिया जाएगा। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री अजीत पवार ने विधानसभा में राज्य का 2024-25 का बजट पेश करते हुए जानकारी दी थी कि लाडली बहन योजना को जुलाई महीने से लागू कर दिया जाएगा। माना जा रहा है कि लाडला भाई योजना भी इसी महीने से लागू हो सकती है।

### उद्धव ठाकरे कहा था- लडकों के बारे में भी सोचिए

इस घोषणा के बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने बेरोजगार युवाओं का मुद्दा उठाया था। उद्धव ठाकरे ने कहा था, मुख्यमंत्री माझी लडकी बहन योजना आपको मिल गई लेकिन आप हमारे लडकों के बारे में भी सोचिए। राज्य में आज कई युवा बेरोजगार हैं, राज्य के विकास और रोजगार के लिए कोई योजनाएं नहीं हैं। बजट केवल आगामी चुनावों के लिए है, अच्छे दिन कहां हैं, यह सब जुमला है।

# कर्नाटक में डेंगू का कहर,8 की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में डेंगू बड़ी तेजी के साथ फैल रहा है। 10000 से ज्यादा डेंगू के मरीज जांच में पाए गए हैं। इनमें से कई गंभीर मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। कर्नाटक में एक ही दिन में 487 डेंगू के नए मरीज मिले हैं। इनमें से 128 मरीजों को अस्पतालों में भर्ती किया गया है। जहां पर उनका इलाज किया जा रहा है। अभी कर्नाटक के अस्पतालों में 358 मरीज भर्ती हैं। इस वर्ष डेंगू के आठ मरीजों की मौत हो चुकी है।हासन और शिव मोगा में 2-2, धारवाड़, हावेरी,मैसूरू और बीबीएमपी में एक एक मरीज की मौत हुई है।डेंगू का सबसे ज्यादा कहर चिकमगलूर, मैसुरू, हावेरी, मांड्या तथा धारवाड़ जिलों में देखने को मिला है। राज्य शासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू के रोकथाम के लिए विशेष प्रयास शुरू कर दिए गए हैं।

# जयपुर संभाग में चला महा वृक्षारोपण अभियान

**जयपुर ।** राजस्थान के मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान के तहत शिक्षा विभाग द्वारा जयपुर संभाग में एक ही दिन में नौ लाख 92 हजार 241 वृक्षारोपण किये गए है। संभागीय आयुक्त डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर जिले में 50 हजार 104, जयपुर ग्रामीण जिले में एक लाख 45 हजार, दौसा जिले में तीन लाख 45 हजार 243, अलवर जिले में तीन लाख 26 हजार 978, कोटपूतली-बहरोड़ जिले में 81 हजार 923, खैरथल-तिजारा जिले में 23 हजार 953 एवं दूदू जिले में 19 हजार 40 वृक्षारोपण किये गए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में वृक्षों की कमी एवं बढ़ते तापमान को देखकर मानसून के मौसम में राज्य सरकार द्वारा सघन वृक्षारोपण किया जा रहा है। वृक्षारोपण अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए राजकीय विद्यालयों में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारियों को कह गया था। अभियान के तहत वन विभाग को आवश्यकतानुसार पौधे उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए थे। इतना ही नहीं वृक्षारोपण के बाद संबंधित अधिकारियों को ही पौधे की सुरक्षा एवं पर्याप्त जलापूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# चार राज्य में फैला चांदीपुरा वायरस....

## 100 में से 70 बच्चों की हो जाती हैं मौत

**नई दिल्ली ।**

देश के चार राज्यों में खतरनाक देसी वायरस चांदीपुर ने अपने पांव पसार लिए हैं। जिससे मरने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी पुणे को अलर्ट पर रखा गया है। एम्स में पीडियाट्रिक विभाग के पूर्व एचओडी डॉ. एम बाजपेयी ने बताया कि इस वायरस के चपेट में आने से 100 में से 70 बच्चों की मौत हो सकती है। डॉ बाजपेयी ने कहा कि इसमें मोर्टेलिटी 56 से 70 फीसदी तक है। डॉ. बाजपेयी ने बताया कि वायरस में बहुत कम समय में यानी की 24 से 48 घंटे में मृत्यु हो सकती है। इसलिए जरूरी यह है कि हाइजीन का ध्यान रखें। फुल स्लीव्स वाले कपड़े पहने। मच्छरों से बच्चे। जैसे ही लक्षण होता है अस्पताल तुरंत जाएं। इसमें कोई एंटी वायरस थैरेपी नहीं होती है। डॉ.बाजपेयी ने कहा कि जैसे फ्लू के साधारण लक्षण होते हैं इसमें भी लगभग वहीं लक्षण दिखाते हैं, जैसे कि बुखार आता है, सिरदर्द होता है, डायरिया हो सकता है, दौरे भी पड़ सकते हैं, यह ब्रेन को बहुत ही जल्दी पकड़ता है। बहुत जल्दी बच्चा कोमा में चला जाता है और मौत तक हो सकती है।

इसलिए इस मौसम में इस तरह के लक्षण आने पर उसे हल्के में ना लें। गुजरात में अपने पांव पसारने के बाद चांदीपुरा वायरस ने महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश के बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया है। सभी बच्चों के खून के सैंपल पुणे की राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान भेजे गए हैं। गुजरात के स्वास्थ्य मंत्रालय का दावा है कि जहां चांदीपुर वायरस के फैलाव सामने आया है वहां अब तक 8600 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है। यहां पूरे इलाके को 26 जोन में बांटा गया है।



# भारतीय परम्पराओं के अनुपालन से देश बढ़ रहा आगे



प्रहलाद सबनानी

भारत का योग सारे विश्व के लिए मार्गदर्शक हो गया है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के साथ अन्य राष्ट्र भी उन्नति करते जा रहे हैं। भारतीय नागरिक विदेशों में जाकर झंडे गाड़ रहे हैं। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का बहुत बड़ा योगदान है। प्रवासी भारतीय कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारतीयों का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में प्रवासी भारतीय भी अपना योगदान कर रहे हैं।

भारत जो किसी वक्त में सोने की चिड़िया रहा है जिसका किसी वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान रहा है, उस भारत के गुलाम होने के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को मुगलों ने एवं अंग्रेजों ने तहस-नहस किया है। भारत का सनातन चिंतन जितना अधिक शक्तिशाली था गुलामी के उस दौर में उस पर किए गए आक्रमण उसे कमजोर बनाने में कामयाब रहे। परंतु, अब समय आ गया है कि भारत के प्राचीन आर्थिक चिंतन को गंभीरता के साथ देखते हुए वर्तमान आर्थिक विकास की दृष्टि को उसके साथ सामंजस्य स्थापित करना चाहिए तभी जाकर आर्थिक विकास की दृष्टि से भारत के वैभवकाल को पुनः प्राप्त किया जा सकेगा।

भारत में प्राचीन ऋषियों और मनीषियों की परंपरा एक गृहस्थ परंपरा रही है और उस गृहस्थ परंपरा में आध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक,राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन भी जुड़ा रहा है। अपने राज्य के ऋषियों के जीवन यापन की चिंता जहां राजा की प्राथमिकता में रहता था वहीं राजा को राज्य चलाने के लिए उचित मार्गदर्शन देने का सांस्कृतिक कार्य उन ऋषि-मुनियों द्वारा किया जाता था। इसलिए उन मनीषियों का चिंतन आर्थिक दिशा में भी सदैव बना रहता था। राजा अपने राज्य का विस्तार करने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध कैसे बनाएं इसके बारे में ऋषि-मुनियों के साथ बैठकर ही राज दरबार में चिंतन होता था और राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बन जाते थे। इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था।

प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक पर्यटन का भारत के आर्थिक विकास पर पूर्ण प्रभाव रहा है। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों से अर्थव्यवस्था को बल मिलता रहा है इसलिए उस कालखंड में धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहे हैं। भारत की ऋषि परंपरा ने जन सामान्य को उन सबके साथ जोड़ कर रखा था। त्यौहारों की निरंतरता और उन्हें मनाए जाने का उत्साह भारत की तत्कालीन अर्थव्यवस्था को गति देता रहा है। आज के वक्त में भी धार्मिक पर्यटन के चलते भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा भी पिछले 10 वर्षों में भारत में विभिन्न तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है। अभी तक जो तीर्थस्थल विकसित हो चुके हैं,वहां का पर्यटन एकदम से कई गुना बढ़ गया है। वहां की आर्थिक समृद्धि बढ़ गई है। वहां के लोगों का जीवन स्तर बढ़ गया है। वहां संपत्तियों के दाम बढ़ गए हैं। इसलिए इस दिशा में सरकार अब आगे और कार्य करने जा रही है तथा कई नवीन धार्मिक कारीडोर बनाने जा रही है,क्योंकि इससे रोजगार के लाखों नए अवसर उत्पन्न होंगे।

भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी कुटुंब व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य



का विषय रहे हैं। इन दिनों संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं,लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है, तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है। इसलिए कुटुंब व्यवस्था में एक दूसरे के लिए आपस में खड़े होने का जो व्यवहार होता है,वह व्यवहार आर्थिक चिंतन के साथ भी जुड़ कर परिवार को आगे बढ़ाने का काम करता है।

भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थी वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पर नदियों को,वृक्षों को,धरती को पूजा जाता है। पूरे पर्यावरण से परिवार का जुड़ाव धार्मिक रूप से रहता है। बहुत सारे व्रत और त्यौहार पर्यावरण से जुड़े हुए रहते हैं। इसलिए सनातन काल से भारत में पर्यावरण की चिंता रही है। जैविक विविधता ने भी भारत के सनातन काल को समृद्ध किया। पर्यावरण संरक्षण को उस समय में नैतिक कर्तव्य माना गया है। बाद में जब मुगलों ने भारत में शासन किया और हिंदुओं का धर्मांतरण किया तो बहुत सारी परंपराएं भी खंडित होने लगी। सनातन काल में जिस गौ माता को पूजा जाता था मुस्लिम उस गौ माता को खाने लगे। मुस्लिम शासन काल भारत के पतन और विखंडन का समय था। उनके बाद जब इस देश में अंग्रेज आ गए तो उनकी निगाह में भारतीय अपरिपक्व और मूर्ख रहे इन दोनों के समय में, मुगलों ने और अंग्रेजों न भारत को दोनों हाथों से लूटकर खाली कर दिया। जो भारतीय अर्थव्यवस्था कभी विश्व की अर्थव्यवस्था का 33 प्रतिशत हिस्सा थी वह बहुत नीचे जा चुकी थी। पर्यावरण बिखरने लगा। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचाया गया। उसकी लाइब्रेरी को जला दिया गया। इस सब के पीछे भारत को ज्ञान के स्तर पर समाप्त करने की साजिश काम कर रही थी। मुस्लिम शासक हिंदुओं के धर्मांतरण पर, हिंदुओं को मारने पर और उनकी संपत्ति हड़पने पर काम कर रहे थे। ऐसा कहा जाता है कि औरंगजेब ब्राह्मणों को मारकर रोज सवा मन जनेऊ जलाता था। मंदिरों को नष्ट कर उन पर मस्जिदें बना दी गई। दक्षिण ने अपने आपको इस मुस्लिम आक्रमण से बहुत बचाया और इसीलिए भारत के दक्षिण भाग में आज भी समृद्ध मंदिर हैं,जो उस कालखंड के गौरव की प्रस्तुति के रूप में हमारे सामने खड़े हुए हैं। इसी कालखंड में भारत का भक्ति काल जरूर समृद्ध हुआ और उसने भारत के निवासियों को मानसिक ताकत प्रदान की। तुलसीदास की भक्ति के सामने अकबर जैसा आदमी डर गया और झुक गया।

भारत की आजादी की लड़ाई तो सफलतापूर्वक लड़ी गई परंतु एक दुष्परिणाम भारत विभाजन के रूप में भी सामने आया,जिसमे लाखों हिंदुओं का नरसंहार हुआ। आजादी के 70 वर्ष में भारत की वह आर्थिक उन्नति नहीं हो पाई जैसी कि अपेक्षा की गई थी। वर्ष 2014 में केंद्र में एक मजबूत सरकार ने शासन को संभाला। कठोर आर्थिक निर्णय लिए। जनता का भी उन्हें साथ मिला तथा लगभग 10 वर्ष के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गई। वर्तमान सरकार के समक्ष बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं और आज भारत, बहुत सी विदेशी ताकतों एवं उनके षड्यंत्रों के साथ जूझ रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि जो संकल्प लेकर भारतीय परम्पराओं के अनुरूप सरकार काम कर रही है, उसमें भारत की अर्थव्यवस्था शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। यह इस अर्थव्यवस्था की ताकत है कि कोरोना खंडकाल में भारत ने अपने 80 करोड़ गरीब लोगों को निशुल्क अन्न उपलब्ध कराया तथा कोरोना की वैक्सीन भी समस्त नागरिकों को निशुल्क उपलब्ध कराई गई। भारत अब न सिर्फ सड़क निर्माण के क्षेत्र में बड़ा काम कर रहा है, अपितु वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। साफ सफाई, गरीबों के लिए मकान, गरीबों के लिए शौचालय जैसे छोटे-छोटे विषय भी सरकार की प्राथमिकता में हैं। सरकार किसानों का ध्यान रख रही है, किसानों को समृद्ध बना रही है और उद्योगों को भी नई दिशा प्रदान कर रही है, नए संसाधन प्रदान कर रही है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत है कि जब विश्व के अन्य देशों में मंदी की स्थिति बन रही है और वहां की अर्थव्यवस्था नीचे की ओर जा रही है तब भारत की अर्थव्यवस्था दिन-ब-दिन समृद्ध होती जा रही है।

देश में कुटीर एवं लघु उद्योग के गौरवशाली दिन वापिस लाने हेतु निरंतर कई प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने सहकारिता मंत्रालय का गठन कर देश में सहकारिता आंदोलन को सफल होने का रास्ता खोला है। भारत के आर्थिक विकास में विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संस्थानों का भी बहुत बड़ा योगदान होने लगा है। बहुत सारे धार्मिक संस्थान बड़े-बड़े अस्पताल खोलकर सेवा का कार्य कर रहे हैं। समाज के विभिन्न वर्गों के द्वारा इलाज की बहुत सारी सुविधाएं देश में कई अस्पतालों में मुफ्त में प्रदान की जा रही है। सरकार ने भी एम्स के माध्यम से चिकित्सा सुविधाएं सारे देश में उपलब्ध करवाने का काम किया है। विभिन्न सामाजिक संगठन भी अपना योगदान समाज की सेवा के साथ देश की अर्थव्यवस्था के विकास में प्रदान कर रहे हैं।

भारत का योग सारे विश्व के लिए मार्गदर्शक हो गया है और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भारत के साथ अन्य राष्ट्र भी उन्नति करते जा रहे हैं। भारतीय नागरिक विदेशों में जाकर झंडे गाड़ रहे हैं। अमेरिका की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का बहुत बड़ा योगदान है। प्रवासी भारतीय कई देशों की अर्थव्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारतीयों का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में प्रवासी भारतीय भी अपना योगदान कर रहे हैं। विश्व के कई देशों में भारतीय मूल के नागरिकों की बढ़ती संख्या एवं भारतीय सनातन दर्शन का प्रसार विदेशों में हो रहा है। भारत की तरह वहां पर भी मंदिरों का निर्माण हो रहा है। भारत की साधना पद्धति वहां स्वीकार की जाने लगी है।

## संपादकीय

### आतंकवाद के विरुद्ध

जम्मू संभाग के ड़ोड़ा जिले के जंगलों में आतंकवादियों के साथ सुरक्षा बलों की भीषण मुठभेड़.ने एक बार फिर सुरक्षा ढांचे की कमियों को उजागर कर दिया है। इस पूरे इलाके ने हाल के वर्षों तक लंबे समय तक शांति देखी है। 2021 के बाद से पूंछ जिले से लेकर पीर पंजाल तक के क्षेत्रमें सुरक्षा बलों और नागरिकों पर आतंकवादियों ने लक्ष्य करके हमले किए हैं। ड़ोड़ा, रियासी, कठुआ, पूंछ और राजौरी जिलों में आतंकी हमलों ने सुरक्षा बलों और केंद्रशासित प्रदेश के पुलिस के जवानों को भारी दबाव में ला दिया है। पिछले दो-ढाई महीनों से कुछ ज्यादा समय से आतंकी हमलों में तेजी देखने को मिली है। सोमवार की रात को ड़ोड़ा जिले के जंगलों में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़.में सेना के एक कैप्टन सहित चार सैनिक शहीद हो गए। अभी पिछले सप्ताह कठुआ जिले के माचेड़ी वन क्षेत्र में सेना के गश्ती दल पर आतंकवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में पांच सैनिक शहीद हो गए थे और कई घायल हुएथे। जम्मू संभाग में आतंकी हमलों की तीव्रता का पता इस बात से चलता है कि पिछले ढाई महीने में सेना और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़.में 12 सुरक्षाकर्मी शहीद हुए और 20 नागरिक मारे गए जबकि 5 आतंकी ढेर हुए। स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि हाल के दिनों में आतंकवादियों ने कश्मीर घाटी की बजाय जम्मू संभाग के जंगलों में अपना कैंप बनाया है। यहां के घने वन क्षेत्रों में वारदात करके छिपना आसान है। सीमा पार से घुसपैठ करके आने वाले आतंकवादियों के लिए यहां की पहाड़ियां मददगार साबित हो रही हैं। यह इलाका छिपने के लिए मुफीद साबित हो रहा है। यही वजह है कि सेना और सुरक्षा बलों को इनके आतंक के विरुद्ध लड़ाई में संघर्ष करना पड़.रहा है। इस क्षेत्र में लगातार होने वाले आतंकी हमले खुफिया मोर्चे पर चूक की ओर इशारा करते हैं। विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय में कमी दिखाई दे रही है जिसका आतंकवादी फायदा उठा रहे हैं। यह सही समय है जब सरकार आतंक के विरुद्ध लड़ाई के सुरक्षा तंत्र की समीक्षा करे। राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर अस्थिर पाकिस्तान अपनी पुरानी कश्मीर नीति से पीछे हटने के लिए तैयार नहीं है। लोक सभा चुनावों में कश्मीर की जनता ने भारी उत्साह से मतदान किया है। पाकिस्तान को यह फूटी आंख नहीं सुहा रहा है। इसलिए वह आसन्न विधानसभा चुनावों में व्यवधान पैदा करने के लिए आतंकवाद को नये सिरे से हवा दे रहा है। लेकिन उसके मंसूबे पूरे नहीं होंगे।

## चिंतन-मनन

### सुख की उपेक्षा क्यों?

मेरे पास लोग आते हैं। जब वे अपने दुख की कथा रोने लगते हैं, तो बड़े प्रसन्न मालूम होते हैं। उनकी आंखों में चमक मालूम होती है। जैसे कोई बड़ा गीत गा रहे हों! अपने घाव खोलते हैं, लेकिन लगता है जैसे कमल के फूल ले आए हैं। सुख की तो कोई बात ही नहीं करता। और ऐसा नहीं है कि सुख नहीं है; हम सुख पर पर ध्यान नहीं देते हैं। हम दुःख-दुख चुन लेते हैं; हम सुख की उपेक्षा कर देते हैं। फिर जिसकी उपेक्षा कर देते हैं, स्वभावतः धीरे-धीरे वह दूर चला जाता है और जिसमें हम रस लेते हैं वह पास होता चला जाता है। संतों की बात तुम्हें तभी जमेगी, रुचेगी, भली लगेगी, प्रीतिकर मालूम होगी-जब तुम दुख को पकड़ना छोड़ दोगे; जब तुम जागोगे और सुख की सचेष्ट खोज शुरू करोगे। तुम्हारे भीतर अगर अभी भी दुख को पकड़ने का आयोजन चल रहा है, तो संतों के वचन तुम्हारे कानों में गूजेंगे और खो जाएंगे। तुम्हारे हृदय तक नहीं पहुंचेंगे। क्योंकि संतों के वचनों में बड़ा सुख भरा है। तुम सुखोन्मुख हो जाओ, तुम आनंद की खोज में लग जाओ; तो ये एक-एक शब्द ऐसे जाएंगे तुम्हारे भीतर जैसे तीर चले जाएं। और ये एक-एक शब्द तुम्हारे भीतर ऐसे-ऐसे हजार-हजार फूल खिला देंगे, जैसे कभी न खिले थे। तुम्हारे भीतर बड़ी रोशनी होगी। ये छोटे-छोटे शब्द हैं। मगर ये बड़े सार्थक शब्द हैं। सुनो- ह्यबोलू हरिनाम तू छोड़ि दे काम सब, सहज में मुक्ति होई जाय तेरी।काम यानी कामना। काम यानी वासना। काम यानी इच्छा, तृष्णा। यह मिले वह मिले-कुछ मिले! जब तक हम मिलने की दौड़ में होते हैं, हम भिखमंगे होते हैं। और जब तक हम भिखमंगे होते हैं, तब तक परमात्मा नहीं मिलता। परमात्मा भिखमंगों को मिलता ही नहीं।

# समानता की बानगी पेश करता सुप्रीम कोर्ट का फैसला!



सोनम लववंशी

बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने तलाकशुदा मुस्लिम महिलाओं को गुजारा भत्ता पाने का अधिकार देकर महिलाओं के पक्ष में ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। कोर्ट ने माना कि महिलाएं चाहे किसी भी जाति धर्म की क्यों ना हो, उन्हें गुजारा भत्ता पाने का अधिकार है। यह फैसला तलाकशुदा परित्यक्ता, बेसहारा महिलाएं जो पतियों द्वारा किसी न किसी वजह से त्याग दी गई हैं। उन्हें आर्थिक रूप से संबल प्रदान करने के लिहाज से लिया गया है। अक्सर महिलाएं अपना संपूर्ण जीवन परिवार के त्याग और समर्पण में लगा देती है। इसके बावजूद कई बार परिस्थितियां ऐसी बन जाती हैं कि महिलाएं प्रताड़ना का शिकार होकर, दर-दर की ठोकरे खाने के लिए मजबूर हो जाती है। सरकार ने ऐसी महिलाओं को जिनका कोई आर्थिक सहारा ना हो। गुजारा भत्ता देने की एक सराहनीय पहल की है। यह फैसला न केवल मुस्लिम महिलाओं के हक की बात नहीं करता है, बल्कि पूरे देश की आधी आबादी के प्रति संविधान की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। सीआरपीसी की धारा 125 उन्हें यह अधिकार देती है। यह फैसला उन महिलाओं के पक्ष में है जो अपने अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रही है।

यह फैसला राजीव गांधी सरकार के समय लिए गए फैसले के बिल्कुल विपरीत है। जिसमें शाह बानो केस में गुजारा भत्ता देने के कोर्ट के आदेश को पलट दिया गया था। कोर्ट का मत है कि भारत का संविधान किसी धर्म विशेष के आधार पर नहीं चलेगा। अभी हाल ही में तेलंगाना के एक पारिवारिक अदालत में अब्दुल समद ने अपनी पत्नी को 20 हजार रुपए गुजारा भत्ता देने के फैसले को चुनौती दी थी। जबकि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का यह जजमेंट आया है कि पत्नी को गुजारा भत्ता दिया जाए। जस्टिस नागरत्ना और जस्टिस आगोस्टीन जॉर्ज मसीह ने एकमत फैसला सुनाया जो मुस्लिम महिलाओं के पक्ष में है और यह महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक नेक और सशक्त कदम है। ये सच है कि किसी भी धर्म में कोई गलत प्रथा हो तो उस प्रथा को खत्म किया जाना चाहिए। बशर्ते कि शुरूआत उसी धर्म के लोगों द्वारा हो। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा है कि महिलाएं भारतीय परिवार की रीढ़ होती हैं। उन्हें कमजोर करके मजबूत राष्ट्र और सशक्त समाज का निर्माण नहीं किया जा सकता। एक प्रगतिशील समाज वह है जो अपने नागरिकों को उनकी धार्मिक पहचान से परे समान अधिकार व न्याय मुहैया कराए। देखा जाए तो यह फैसला महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया एक बड़ा कदम है। सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले के जरिए न्याय व्यवस्था और समाज को यह संदेश दिया है कि कानून को लागू करते हुए और इसकी व्याख्या करते हुए स्त्री पुरुष समानता और कमजोर तबको के हितों की सुरक्षा जैसे मूल्यों को ध्यान में रखने की महती आवश्यकता है, क्योंकि अगर न्याय व्यवस्था की नजरों से ही ये तबका ओझल हो जाएगा। तो इनके लिए जीवनयापन करना और संवैधानिक अधिकारों को संरक्षित करना कठिन हो जाएगा।


गौरतलब है कि, अब से पहले मुस्लिम पर्सनल कानून के तहत ही तलाकशुदा महिलाओं का गुजारा भत्ता तय होता था। शरीअत कानून के मुताबिक ईद्दत की अवधि तक ही गुजारा भत्ता दिया जा सकता है। ईद्दत यानी तीन महीने की वह अवधि जिसमें महिला किसी दूसरे पुरुष के साथ विवाह नहीं कर सकती। भारतीय समाज में आज भी अधिकतर महिलाएं विवाह के बाद अपने पति पर निर्भर हैं। अगर किन्हीं स्थितियों में पति उन्हें छोड़ देता है, तो उनका भरण-पोषण मुश्किल हो जाता है। खासकर वे महिलाएं जिनके कंधों पर बच्चों को पालने, पढ़ाने-लिखाने का बोझ है, उन पर तो जैसे मुसीबतों का पहाड़ ही टूट पड़ता है। बहुत सारी तलाकशुदा मुसलिम औरतें दुबारा शादी नहीं करतीं, इसलिए केवल इद्दत तक गुजारा भत्ता पाने से उनके जीवन की मुश्किलें दूर नहीं हो पातीं। कुछ महिलाएं दूसरा विवाह कर भी लेती हैं, तो जरूरी नहीं कि उससे उनके बच्चों का उचित भरण-पोषण हो ही जाए। असल सवाल है कि किसी महिला को केवल धर्म के आधार पर दूसरी महिलाओं से अलग क्यों माना जाना चाहिए? एक नागरिक के तौर पर हर महिला को समान अधिकार मिलना चाहिए। इस दृष्टि से सर्वोच्च न्यायालय का ताजा फैसला एक कल्याणकारी राज्य के कर्तव्यों के अनुकूल और सराहनीय है।

( स्वतंत्र लेखिका एवं शोधार्थी)

# अमेरिका: हिंसक मोनवृत्ति से घिरा युवा तबका



प्रमोद भार्गव



दुनिया के सबसे सफल माने जाने वाले लोकतंत्र में अराजक हिंसा हिलोरे मार रही है। अमेरिका के पेंसिलवेनिया में 13 जुलाई शनिवार की सुबह 6:10 बजे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी सभा अचानक गोलियों की आवाज से गूंज उठी। ट्रंप हमलावर के निशाने पर थे, एक गोली उनके दाएं कान को भेदती हुई निकल गई। 78 वर्षीय ट्रंप झुक गए और तुरंत आत्मबल की प्रेरणा से मुट्ठी लहलराते हुए उठ खड़े हुए और बोले, 'फाइट, फाइट'! हालांकि हमलावर को सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल मार गिराया। एक नेता की इतनी दिलेरी ने सभा में उपस्थित स्तब्ध रह गए मतदाताओं में जान फूंक दी और वे यूएस, यूएस के नारे लगाने लगे। अमेरिकियों ने ट्रंप के प्रति जो समवेत सहानुभूति जताई, उससे कहा जा सकता है कि ट्रंप का चुनावी पलड़ा भारी हो गया है।

दरअसल, अमेरिका में ये हालात दोनों दलों के प्रमुख नेताओं और उनके समर्थकों द्वारा नस्लभेद और हिंसा से जुड़े भड़काऊ बयान देने के कारण उत्पन्न हुए हैं। हालांकि अमेरिका में राजनीतिक हिंसा कोई नई बात नहीं है। जब बाइडेन ट्रंप को हराकर चुनाव जीते थे तब 7 जनवरी, 2021 को ट्रंप सर्मथकों ने अमेरिकी संसद में बाइडेन की जीत पर मोहर लगने के समय यूएस कैपिटल में घुसकर हिंसक हमला बोल दिया था। अमेरिकी संसद के इतिहास में यह जो काला अध्याय जुड़ा था, उसी की यह प्रतिक्रियास्वरूप की गई पुनरावृत्ति भी हो सकती है?

ट्रंप पर हमला ऐसे समय हुआ है, जब मुकाबले में वे बाइडेन पर भारी पड़ते दिखाई देने लगे थे। इससे लगता है कि हमलावर उनकी जीत के पक्ष में नहीं था। परंतु अब ट्रंप के जिंदा बच जाने से उनकी जीत की संभावनाएं और प्रबल हो गई हैं। पॉली मार्केट के सर्वे में ट्रंप की जीत अब 70 प्रतिशत बताई जा रही है। ट्रंप को अपनी ही पार्टी में निक्की हेली और चेनी से भी रही-सही चुनौती लगभग खत्म हो गई है। वस्तुतः अमेरिका का एक बड़ा समुदाय ट्रंप के हर अतिवादी निर्णय का प्रबल समर्थक दिखाई देगा। ट्रंप राष्ट्रवाद की धारणा को आगे बढ़ाने और मूल अमेरिकियों के हित साधने की पैरवी न केवल अपने पिछले कार्यकाल में करते रहे, बल्कि कानून बना कर उन्हें साधने का काम भी किया था।

बावजूद वे आर्थिक विषमता की खाई नहीं पाट पाए थे। आज अमेरिकीवासियों के हालात इतने बदतर हैं कि पांच करोड़ से ज्यादा लोग खाद्य असुरक्षा से जूझ रहे हैं। 31.5 करोड़ की आबादी वाले अमेरिका में हर छठा व्यक्ति और चौथा बच्चा भूखा है। बहरहाल, खरबों के कारोबारी ट्रंप राष्ट्रपति चुने जाते हैं, तो इस चुनौती से उन्हें फिर जूझना होगा? अमेरिका की आबादी की तुलना में उसका भू-क्षेत्र बहुत बड़ा यानी 98,33,520 वर्ग किमी. है। इतने बड़े भू-लोक के मालिक अमेरिका के साथ विडंबना यह भी रही है कि 15वीं शताब्दी तक इसकी स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहचान नहीं थी। दुनिया एशिया, यूरोप और अफ्रीका महाद्वीपों से ही परिचित थी। 1492 में नई दुनिया की खोज में निकले क्रिस्टोफर कोलंबस ने अमेरिका की खोज की। हालांकि कोलंबस अमेरिका की बजाय भारत की खोज में निकले थे लेकिन रास्ता भटक कर अमेरिका पहुंच गए। वहां के लोगों को उन्होंने 'रेड इंडियन' कह कर पुकारा क्योंकि वे तांबई रंग के थे और प्राचीन भारतीयों से इनकी नस्ल मेल खाती थी। हालांकि इस क्षेत्र में आने के बाद कोलंबस जान गए थे था कि वह भारत की बजाय कहीं और पहुंच गए हैं।

कालांतर में यहां अनेक औपनिवेशिक शक्तियों ने अतिक्रमण किया। 17वीं शताब्दी में ऑस्ट्रेलिया और अन्य प्रशांत महासागरीय द्वीप समूहों की खोज कप्तान जेम्स कुक ने की। जेम्स ने यहां अनेक प्रवासियों की बस्तियों को आबाद किया। इसी क्रम में 1607 में अंग्रेजों ने वर्जीनिया में अपनी बस्तियां बसाईं। इसके बाद खंस, स्पेन और नीदरलैंड़ ने उपनिवेश बनाए। 1733 तक यहां 13 बस्तियां अस्तित्व में आ गइ्। इन सब पर ब्रिटेन का प्रभुत्व कायम हो गया। 1775 में ब्रिटेन के विरुद्ध युद्ध छिड़ गया। 4 जुलाई, 1776 में जॉर्ज वाशिगटंन के नेतृत्व में अमेरिकी जनता ने विजय प्राप्त कर ली और संयुक्त राज्य अमेरिका स्वतंत्र और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आ गया। इसीलिए कहा जाता है कि अमेरिका के इतिहास और अस्तित्व में प्रवासियों का बड़ा योगदान रहा है लेकिन अमेरिका महाद्वीप के जो रेड इंडियन नस्ल के मूल निवासी थे, वे हाशिये पर चले गए। गोया, मूल अमेरिकी तो वंचित रह गए और विदेशी-प्रवासी प्रतिभावान किंतु चालाक अमेरिका के मालिक बन बैठे। इस विरोधाभास का मूल्यांकन करके ट्रंप ने अमेरिका-फर्स्ट की नीति को महत्त्व दिया जिसने रंगभेदी मानसिकता को अराजकता में बदलने का काम किया। ट्रंप इसी साल नवम्बर में फिर से राष्ट्रपति बनते हैं, तो एक बार फिर अमेरिका में राष्ट्रवाद और अमेरिकी प्रथम का नारा बुलंद होता दिखाई देगा।

## रील बनाने का शौक बना... अन्वी की मौत का कारण

रायगढ़। अपनी ट्रैवल से जुड़ी रील बनाकर मशहूर हुई अन्वी कामदार की मौत हो गई है। अन्वी मुंबई के करीब रायगढ़ में कुंभे झरने में शूटिंग के लिए गई थी। तभी दुर्घटना में उसकी मौत हो गई। अधिकारियों की ओर से बताया गया कि, एक रील शूट करते समय अन्वी का पैर अचानक फिसल और 300 फीट गहरी खाई में गिर गई। यह हादसा रायगढ़ के पास कुंभे झरने पर हुआ। अन्वी 16 जुलाई को अपने सात दोस्तों के साथ ट्रैक पर निकली थी। सुबह करीब 10:30 बजे के आस-पास अन्वी वीडियो शूट करते समय एक गहरी खाई में गिर गई, जिसके बाद स्थानीय अधिकारियों ने तुरंत आपातकालीन स्थिति पर एक बचाव दल घटनास्थल पर भेजा। तटरक्षक बलों के साथ महाराष्ट्र राज्य विद्युत बोर्ड के कर्मचारियों से अतिरिक्त सहायता मांगी गई, लेकिन अन्वी को नहीं बचाया जा सका। अन्वी को ट्रैवलिंग का शौक था। प्रांरभिक जांच में सामने आया है कि कुंभे झरने की सुंदरता को कैमरे में कैद करने में अन्वी हादसे का शिकार हुई, जिसमें उसकी मौत हो गई।



## ऑस्ट्रेलिया में दो भारतीय छात्रों की मौत

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया में दो भारतीय छात्रों की झरने में डूबने से मौत हुई है। आंध्र प्रदेश के दो छात्र क्वींसलैंड केर्न्स के पास मिल्ला फॉल्स में तैरते समय डूब गए। बापटला जिले के चैतन्य मुप्पाराजू और आंध्र के प्रकाशम जिले के सूर्य तेजा बोब्बा जिसकी आयु 20 साल की थी ऑस्ट्रेलिया पढ़ाई के लिए गए थे। पानी में बहाव के चलते दोस्त को बचाने की कोशिश में दोनों की मौत हुई। दोनों भारतीय छात्र 16 जुलाई, 2024 को डूब गए। ऑस्ट्रेलियाई आपातकालीन सेवाओं को घटना की जानकारी मिली और आपातकालीन सेवा कर्मियों ने तुरंत कॉल का जवाब दिया। छात्रों की तलाश के प्रयास छात्रों को खोजने के लिए काफी प्रयास किए गए, लेकिन वे तुरंत नहीं मिले। पुलिस ने खुलासा किया कि घटनास्थल पर एक और छात्र मौजूद था। हालांकि, उसकी पहचान बताए बिना, उन्होंने उसे स्पष्ट रूप से सदमे में बताया। पुलिस के अनुसार, घटना तब हुई जब एक दोस्त पानी में संघर्ष करता हुआ दिखाई दिया। दूसरे ने मदद करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों डूब गए। क्वींसलैंड पुलिस ने पुष्टि की कि तीन लोगवॉटरहोल पर तैर रहे थे। दोनों छात्रों के शवों को भारत वापस लाने के खर्च को कवर करने के लिए एक ऑनलाइन धन संचयक, की स्थापना की गई थी।

## उत्तराखंड में अनियंत्रित होकर खाई में गिरी कार, दो की मौत, चार की हालत गंभीर

रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग के चोपता-डूंगरी मार्ग पर कोटेश्वर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि एक कार अचानक अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी, कार में छह लोग सवार थे जिसमें से दो की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि चार अन्य घायल हैं। एसडीआरएफ टीम ने सभी घायलों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां चारों उनका इलाज चल रहा है। साथ ही मृतकों के शव भी एसडीआरएफ ने खाई से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। बताया जा रहा है इस हादसे में मरने वाले और घायल सभी एक ही परिवार के हैं जिसमें चार महिलाएं और दो पुरुष थे। सभी मृतकों और घायलों की पहचान रुद्रप्रयाग के डूंगरी गांव के निवासी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को उन्हें आपदा कंट्रोल रूम से सूचना मिली कि कोटेश्वर के पास चोपता-डूंगरी मार्ग पर एक कार 150 मीटर गहरी खाई में गिर गई है। इसके बाद तुरंत पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू कार्य शुरू किया। एसडीआरएफ की टीम ने बड़ी मुश्किल से रस्सी के सहारे खाई में उतर कर स्ट्रेचर की मदद से हादसे में घायल चार लोगों को बाहर निकाला। जब एसडीआरएफ की टीम खाई में उतरी थी तब तक दो महिलाओं की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद टीम ने मृतक महिलाओं के शव बाहर निकाले और पुलिस सौंप दिए। इस हादसे में देवेश्वरी देवी (45), पूजा (27) पुरुष जीतपाल (50), बुद्धिलाल (70) गंभीर रूप से घायल हैं। कल्पेश्वरी (58) और आरती (24) की मौके पर ही मौत हो गई।

## शंकराचार्य ने केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब होने का लगाया आरोप

**– हालांकि बद्री-केदार मंदिर समिति की ओर से आरोपों को निराधार बताया**

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ धाम के जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोप लगाया है कि केदारनाथ मंदिर से 228 किलो सोना गायब किया गया है और इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अब केदारनाथ धाम के नाम पर दिल्ली में मंदिर बनाया जाना सरासर गलत है। केदारनाथ मंदिर को वर्ष 2022 में स्वर्णमंडित किया गया था। उस दौरान भी तीर्थ पुरोहित समाज ने आरोप लगाया था कि मंदिर के गर्भगृह में सोने की जगह तांबा लगाया गया है। लेकिन तब यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया था। हालांकि बद्री-केदार मंदिर समिति की ओर से इस मामले में कई बार बयान जारी किया गया और आरोपों को निराधार बताया गया। केदारसभा के पूर्व अध्यक्ष किशन बगवाड़ी ने भी शंकराचार्य की बातों की समर्थन किया है। उन्होंने कहा ?कि इसकी जांच होनी चाहिए। वहीं शंकराचार्य के बयान के बाद बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय ने कहा ?कि मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता हूं कि वह शंकराचार्य हैं कि नहीं, लेकिन वह संत होने के नाते सही बयानबाजी करें। इतनी प्रेस वार्ता कोई राजनेता भी नहीं करता है, जितनी वह कर रहे हैं, और प्रेस वार्ता से कुछ न कुछ विवाद खड़ा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास यदि कोई साक्ष्य है, तो वह सबके सामने पेश करें। मंदिर के गर्भगृह को स्वर्णमंडित कराने में प्रदेश सरकार और मंदिर समिति का कोई योगदान नहीं हैं। जिस दानदाता ने मंदिर को स्वर्ण मंडित किया है, उन्होंने अपने ज्वैलर्स के माध्यम से केदारनाथ मंदिर में सोना पहुंचाया। जो सोना केदारनाथ धाम के गर्भगृह में लगा है, वह चांदी की लेयर में लगा है और इसमें 23 किलोग्राम सोना है। इस पूरे मामले पर कांग्रेस जिला प्रवक्ता नरेंद्र बिष्ट ने भी अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि पिछले एक साल से कांग्रेस इस सोने के मुद्दे को उठा रही है, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

## उमर अब्दुल्ला ने कहा, सरकार को आतंकी हमलों में जिम्मेदारी लेनी होगी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने डोडा जिले में सोमवार शाम सुरक्षाबलों पर आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। सरकार यह नहीं बताती है कि आतंकवाद को खत्म करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं। ऐसे हमलों के बाद किसी न किसी की जिम्मेदारी जरूर बनती है। सरकार को अपनी जिम्मेदारी स्वीकारनी होगी। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के डीजी के बारे में कहा कि उन्होंने सियासत में कदम रख दिए हैं। बेहतर यह होता कि सियासत का काम नेताओं को करने देते। उनका काम यहां के हालातों को बेहतर बनाना, आतंकवादियों के खिलाफ कार्रवाई करना है। डीजी का काम आतंकवादियों के खिलाफ लड़ना है, इसलिए उनको अपना काम करना चाहिए और हमको अपना काम करने दें। उमर अब्दुल्ला ने मुहर्रम के जुलूस में लोगों की गिरफ्तारी पर कहा कि पुलिस को इस तरह की कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। किसी और धर्म के लोगों को निशाना नहीं बनाया जाता है, केवल मुस्लिमों को निशाना बनाना इतना आसान क्यों लगता है? उमर अब्दुल्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री और गृहमंत्री ने कहा है कि जम्मू कश्मीर में जल्द से जल्द चुनाव होंगे जल्द से जल्द जम्मू कश्मीर को रियासत का दर्जा दिया जाएगा। जम्मू-कश्मीर को चुनाव से पहले ही राज्य का दर्जा देकर लोगों के हाथों में हुकुमत दे दी जाए। यहां केंद्र शासित प्रदेश लागू करने का फैसला पूरी तरह विफल हो गया है। इसलिए हम चाहेंगे यहां जल्द से जल्द चुनाव कराएं और राज्य का दर्जा वापस दिलाएं। बता दें कि डोडा हमले में एक अधिकारी सहित सेना के चार जवान और एक स्थानीय पुलिसकर्मी शहीद हो गया था। उमर अब्दुल्ला ने कहा कि पिछले एक साल से जम्मू में आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। शायद ही जम्मू का कोई ऐसा इलाका है, जो आतंकी गतिविधियों से बचा है। पीर पंजाल में लगातार आतंकी हमले हो रहे हैं। रियासी, सांबा, कठुआ में भी हमले हो रहे हैं। अगर हमारी सूचना सही है तो पिछले एक साल में हमारे सुरक्षा बलों के 55 लोग मारे गए हैं।

# लाडला भाई योजना पर राजनीति शुरू, उद्धव गुट ने बताया चुनावी स्टंटबाज़ी, संजय राऊत ने पूछा- पैसा कहां है?

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने लड़कियों के लिए 'माझी लड़की बहिन योजना' की घोषणा के बाद राज्य में लड़कों के लिए 'लाडला भाई योजना' की घोषणा की। आषाढ़ी एकादशी के अवसर पर महाराष्ट्र के पंढरपुर में बोलते हुए, शिंदे ने कथित तौर पर कहा कि राज्य सरकार लड़कों और लड़कियों के बीच अंतर नहीं करती है और 'लाडला भाई योजना' योजना बेरोजगारी के मुद्दे को हल करेगी। सीएम शिंदे ने कहा कि इस योजना का लक्ष्य कुशल कार्यबल तैयार करना है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इतिहास में यह पहली बार है कि किसी सरकार ने ऐसी योजना पेश की है।



हालांकि, इसके ऐलान होते ही राज्य में सियासी बयार चल पड़ी। विपक्ष ने सरकार पर तंज कसने शुरू कर दिए हैं। उद्धव गुट के सांसद संजय राऊत ने इसे चुनावी स्टंटबाज़ी बता दिया। उन्होंने कहा कि लाडला भाई, लाडले पिताजी, लाडली माताजी, ये सभी ऑफर आगामी विधानसभा चुनाव के लिए हैं। सरकारी खजाने में पैसा नहीं है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार पर 8 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। लोकसभा चुनाव हारने के बाद शिंदे, फड़णवीस और पवार के गुट को लाडली बहन और लाडला भाई की याद आ रही है। लाडली बहन को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत है क्योंकि उन्हें घर चलाना है...उन्हें प्रति माह 10,000 रुपये दिए जाने चाहिए।

इस योजना के तहत युवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर विभिन्न वित्तीय लाभ प्रदान किए जाएंगे। 12वीं कक्षा पास करने वाले युवाओं को 6,000 रुपये प्रति माह, डिप्लोमा करने वालों को 8,000 रुपये प्रति माह और स्नातक युवाओं को 10,000 रुपये प्रति माह सरकार की ओर से मिलेंगे। लाडला भाई योजना के तहत, युवाओं को एक कारखाने में एक साल की प्रशिक्षुता से गुजरना होगा, जिससे उन्हें मूल्यवान कार्य अनुभव प्राप्त होगा जो उन्हें उस अनुभव के आधार पर नौकरी सुरक्षित करने में मदद करेगा। सीएम शिंदे ने कहा कि इस पहल का लक्ष्य कुशल कार्यबल तैयार करना है।

शिंदे ने कहा, ÷यह योजना न केवल राज्य के उद्योगों को बल्कि देश भर के उद्योगों को कुशल युवा प्रदान करेगी। सरकार युवाओं को उनकी नौकरियों में कुशल बनने में मदद करने के लिए उनकी प्रशिक्षुता के दौरान भुगतान करेगी।÷ सीएम एकनाथ शिंदे ने घोषणा की है कि इस योजना के तहत, सरकार महाराष्ट्र के युवाओं को कारखानों में प्रशिक्षुता के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी जहां उन्हें व्यावहारिक कार्य अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह पहल एक ऐतिहासिक पहल है, जिसका उद्देश्य बेरोजगारी को संबोधित करना है। इस योजना के माध्यम से, युवाओं को सरकार द्वारा प्रदान किए गए वजीफे के साथ कारखानों में प्रशिक्षुता प्राप्त होगी, जो बेरोजगारी से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## बसपा की कार्यकारिणी की बैठक में महिला ने मारा सांसद को थप्पड़, लोग हैरान

मुंबई। महाराष्ट्र कार्यकारिणी की बैठक में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सांसद को थप्पड़ मारने का मामला सामने आया। महिला कार्यकर्ता ने बसपा सांसद रामजी गौतम को बैठक के बीच में थप्पड़ जड़ दिया। यह घटना बुधवार को दादर में हुई। बसपा के राज्यसभा सांसद रामजी गौतम को महाराष्ट्र कार्यकारिणी की बैठक में एक महिला कार्यकता ने मंच पर थप्पड़ मार दिया। महिला का नाम नीमा मोहारकर है, जो भंडारा की रहने वाली है. उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है साथ ही उसे पार्टी से भी निकाल दिया गया है। बताया जा रहा है कि वह हाल ही में हुए संसदीय चुनाव में उसे भंडारा-गोंडिया से टिकट नहीं दिया गया था, जिस कारण वह नाराज थी। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे की वजह से कार्यकर्ता उनसे काफी नाराज हैं। इस दौरान महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष सुनील डोंगरे को भी हटाने के नारे लगाए गए। इस घटना का वीडियो वायरल हो गया है जिसमें देखा जा सकता है कि बैठक के दौरान मंच पर सांसद समेत गणमान्य लोगों से एक-एक कर कार्यकर्ता मिल रहे हैं। इस बीच यह महिला कार्यकर्ता भी मंच पर पहुंची और सांसद को थप्पड़ जड़ दिया। इस घटना से सभी हैरान हो गए। अभी इस मामले पर आधिकारिक तौर पर किसी की प्रतिक्रिया नहीं आई है। रामजी गौतम यूपी के लखीमपुर (खीरी) के रहने वाले हैं। 1980 के दशक के आसपास वह बसपा में शामिल हुए थे। पार्टी ने उन्हें बांदा का कोऑर्डिनेटर बना दिया। बाद में कई जिलों की भी जिम्मेदारी सौंपी।

## हाथरस भगदड़ पर सामने आया भोले बाबा का बयान

# 'होनी को कौन टाल सकता है, जो आया है उसे जाना ही है...',

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** स्वयंभू धर्मगुरु सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ भोले बाबा का हाथरस कांड को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। हाथरस में भोले बाबा का ही सत्संग था जहां भगदड़ के बाद 121 भक्तों की मौत हो गई थी। घटना पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए बाबा ने कहा कि वह 2 जुलाई की घटना के बाद से उदास हैं, उसे कौन रोक सकता है जो होना ही है। उन्होंने कहा कि 2 जुलाई की घटना के बाद से मैं दुखी और उदास हूं, लेकिन जो होना तय है उसे कौन रोक सकता है। जो आया है उसे एक न एक दिन जाना ही है।

भोले बाबा ने आगे कहा कि अधिवक्ता डॉ. एपी सिंह और प्रत्यक्षदर्शियों ने हमें जहरीले स्प्रे के बारे में जो बताया, उसके अनुसार यह सच है कि इसमें जरूर कोई साजिश है। उनके वकील ने बुधवार को बताया कि भोले बाबा कासगंज के बहादुर नगर गांव स्थित अपने आश्रम पहुंच गए हैं। भोले बाबा के वकील एपी सिंह ने कासगंज में संवाददाताओं से कहा, ÷वह अपने आश्रम पहुंच गए हैं और यहीं रहेंगे। वह अपने दूसरे आश्रम से यहां आए हैं। वह कभी किसी के घर, किसी होटल या किसी अन्य देश में नहीं थे।÷



उत्तर प्रदेश सरकार ने घटना की जांच के लिए एक एसआईटी और एक न्यायिक आयोग का गठन किया है। हालाँकि, सिकंदराराऊ पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर में बाबा को आरोपी के रूप में उल्लेखित नहीं किया गया था। एसआईटी ने 9 जुलाई को राज्य सरकार को सौंपी अपनी रिपोर्ट में भगदड़ के पीछे 'बड़ी साजिश' से इनकार नहीं किया है. रिपोर्ट में स्थानीय प्रशासन की ओर से हुई चूक का भी जिक्र किया गया है, जिसके कारण भगदड़ मची।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, रिपोर्ट में घटना के लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया गया है और दावा किया गया है कि उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इंतजाम नहीं किए और प्रशासन की जिम्मेदारी भी तय की है। भोले बाबा के वकील ने 6 जुलाई को दावा किया था कि 'कुछ अज्ञात लोगों' द्वारा 'कुछ जहरीला पदार्थ' छिड़कने से भगदड़ मच गई।

## भाजपा की दो टूक, भाषा की मर्यादा की सीमा ना लांघे राहुल गांधी

**–लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने पर परिपक्वता दिखाएं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए जानलेवा हमले का ज़िक्र कर आरोप लगाया है कि भारत में कांग्रेस पार्टी के नेता लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हिंसा के लिए उकसाने वाली भाषा का प्रयोग कर देश में ऐसा ही माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2007 में कांग्रेस पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए मौत का सौदागर जैसे शब्द इस्तेमाल करने का आरोप लगाकर इतना तक कहा कि देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने करने वाली कांग्रेस की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तक के लिए भी भाजपा ने कभी मौत जैसे शब्द का प्रयोग नहीं किया था।

मीडिया को संबोधित कर पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता त्रिवेदी ने कहा कि मामला दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काफी संवेदनशील है। देश के एक वरिष्ठ सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी ने एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार पत्र में लेख लिखकर, वर्तमान समय में विश्व में सुरक्षा को लेकर हो रही गतिविधियों और भारत पर उसके पड़ने वाले प्रभाव की ओर ध्यान आकृष्ट किया है। भाजपा नेता त्रिवेदी ने कहा कि यह सभी को मालूम है कि एक-डेढ़ वर्ष पहले जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की एक राजनीतिक कार्यक्रम में हत्या कर दी गई थी। कुछ दिन पहले अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप की हत्या का प्रयास किया गया।

त्रिवेदी ने राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं को हिंसा और हत्या जैसे शब्दों का प्रयोग बंद करने की नसीहत देकर कहा कि दुनिया में इसके उदाहरण दिख रहे हैं, भारत में इसके परिणाम खतरनाक हो सकते हैं। अगर वे (राहुल गांधी) लोकसभा में विपक्ष के नेता बने हैं, उत्साह से उच्छृंखलता और उच्छृंखलता से उदंडता की ओर नहीं जाएं बल्कि परिपक्वता का प्रदर्शन करें। हार के उत्साह से बाहर आकर उन्हें समझदारी का परिचय देना चाहिए। ये मोहब्बत की दुकान में हिंसा और हत्या जैसे शब्द कहां से आ रहे हैं? उन्होंने कहा कि भाजपा ने कभी भी किसी भी राजनेता के लिए मौत की कामना नहीं की। पीएम मोदी के प्रति उनके (कांग्रेस नेताओ) मन में नफरत की भावना है, लेकिन इसके कारण उन्हें लोगों को उकसाना नहीं चाहिए। राजनीति अपनी जगह है लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और नेताओं की जान पर खतरे पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। राहुल गांधी जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, वह बंद होनी चाहिए।

## 65 करोड़ रुपये का नहीं किया भुगतान, कांग्रेस शासित राज्य में 11 इंदिरा कैंटीनों ने भोजन परोसना किया बंद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शहर के नागरिक निकाय द्वारा ठेकेदारों को बिलों का भुगतान न करने के कारण बेंगलुरु में कम से कम 11 इंदिरा कैंटीनों ने भोजन परोसना बंद कर दिया है। बुधवार रात से कैंटीनों ने खाना परोसना बंद कर दिया है। कैंटीनों में भोजन की आपूर्ति के लिए एक साल के लिए अनुबंधित कंपनी शेफ टॉक ने दावा किया कि ब्रुहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) बिलों में लगभग 65 करोड़ रुपये का भुगतान करने में विफल रही है। शेफ टॉक ने कहा कि बिलों का निपटान करने के कई अनुरोधों के बावजूद, बीबीएमपी ने भुगतान नहीं किया है, जिसके कारण भोजन सेवाएं रोक दी गई हैं। बीबीएमपी आयुक्त तुषार गिरिनाथ ने दावों को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया कि नागरिक निकाय के मार्शल द्वारा चिह्नित उपस्थिति ठेकेदार के दावों से मेल नहीं खाती।

गिरिनाथ ने कहा कि हमारे पास 198 वार्ड हैं और 184 कार्य कर रहे हैं। सात स्थानों पर, उन्होंने कभी संचालन नहीं किया। शेष स्थानों पर मोबाइल कैंटीन काम कर रही हैं, हालांकि तीन या चार काम नहीं कर रही हैं। एक ठेकेदार 65 करोड़ रुपये के लंबित भुगतान का दावा करते हुए अदालत चला गया है, जिसे हम स्वीकार नहीं कर रहे हैं क्योंकि हमारे मार्शल द्वारा दर्ज की गई उपस्थिति उनके दावों से मेल नहीं खाती है। प्रभावित कैंटीन बसवनगुड़ी, पद्मनाभनगर, भैरसंद्रा, वीवी पुरम, सिद्दापुरा, होमबेगौड़ा नगर, जयानगर, विद्यापीठ, ईजीपुरा और अदुगोडी वार्ड में हैं।

सात साल पहले स्वतंत्रता दिवस पर सिद्धारमैया सरकार द्वारा शुरू की गई इंदिरा कैंटीन का उद्देश्य गरीबों को किफायती भोजन उपलब्ध कराना है। मार्च में सिद्धारमैया ने बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के परिसर में एक इंदिरा कैंटीन का उद्घाटन करते हुए कहा था कि सरकार राज्य भर में 188 नई कैंटीन स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

# यूपी बीजेपी में अंदरूनी कलह पर अखिलेश बोले-100 विधायक लाओ, सरकार बनाओ

**लखनऊ (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद यूपी बीजेपी में अंदरूनी कलह देखने को मिल रही है, जिसको लेकर लखनऊ से दिल्ली तक बैठकों का दौर जारी है। बीजेपी में मची इस कलह के बीच समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मानसून ऑफर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा- 100 लाओ, सरकार बनाओ।

ऐसा नहीं है कि अखिलेश यादव ने केशव प्रसाद मौर्य को पहली बार ऑफर दिया है। केशव मौर्य जब-जब बीजेपी से या नेताओं से नाराज होते हैं तब-तब अखिलेश ने उन्हें ऑफर देते है। अखिलेश ने कहा था कि वे आज भी 100 विधायक ले आएं तो सपा उन्हें सरकार बनाने में समर्थन करेगी। जब बीजेपी में अंदरूनी विवाद की खबर आई तो अखिलेश ने कहा था कि बीजेपी की कुर्सी की लड़ाई की गर्मी में उत्तरप्रदेश में शासन-प्रशासन ठंडे बस्ते में चला गया है। उन्होंने कहा था कि तोड़फोड़ की राजनीति का जो काम बीजेपी दूसरे दलों में करती थी, अब वही काम वह अपने दल के अंदर कर रही है। इसीलिए बीजेपी अंदरूनी कलह के दलदल में धंसती जा रही है। जनता के बारे में सोचने वाला बीजेपी में कोई नहीं है।



अखिलेश यादव के इस बयान पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा था कि देश और प्रदेश दोनों जगहों पर बीजेपी मजबूत संगठन और सरकार है। सपा का पीडीए धोखा है। उन्होंने दावा किया था कि यूपी में सपा के गुंडाराज की वापसी असंभव है और बीजेपी विधानसभा चुनाव में 2017 दोहराएगी।

बता दें हाल ही में बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक हुई थी जिसमें बीजेपी नेताओं की कलह सामने आई। यहां डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा था कि संगठन सरकार से बड़ा है। कार्यकर्ताओं का दर्द मेरा दर्द है। वहीं सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि अति आत्मविश्वास ने लोकसभा चुनावों में बीजेपी को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा था कि 2014 और उसके बाद के चुनावों में बीजेपी के पक्ष में जितने फीसदी वोट थे, बीजेपी 2024 में भी उतने ही वोट हासिल करने में सफल रही है, लेकिन वोटों की शिफ्टिंग और अति आत्मविश्वास ने हमारी उम्मीदों को नुकसान पहुंचाया है।

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डिप्टी सीएम केशव मौर्य को दिल्ली बुलाया था। सूत्रों की मानें तो उनसे कहा गया है कि यूपी में सरकार और संगठन साथ-साथ काम करे, इस पर काम करना चाहिए और ऐसी कोई बयानबाजी नहीं हो, जिससे जनता में मैसेज जाए कि हमारे अंदर अंदरूनी कलह है उनके साथ यूपी बीजेपी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी को भी दिल्ली तलब किया गया था। चौधरी ने यूपी में हार की समीक्षा पार्टी नेतृत्व को सौंप दी है। 15 पेजों की रिपोर्ट में उन्होंने यूपी में पार्टी की हार के कारण बताए हैं। बीजेपी का फोकस अब यूपी में होने वाले 10 सीटों के उपचुनाव पर है। पार्टी इसके लिए तैयारियों में जुटी है। इसके लिए सीएम योगी ने उन कैबिनेट मंत्रियों की बैठक बुलाई थी, जिन्हें इन विधानसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। इसमें उपचुनाव को लेकर तैयारियों की चर्चा की गई थी।

# 'विकास को कोई अंत नहीं, बहुत कुछ हुआ है, बहुत बाकी है', मोहन भागवत का बड़ा बयान

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा, ÷मनुष्यों के बाद, कुछ लोग सुपरमैन बनना चाहते हैं, फिर वे 'देवता', फिर 'भगवान' और फिर 'विश्वरूप' बनना चाहते हैं।' भागवत ने झारखंड के गुमला में एक गैर-लाभकारी संगठन विकास भारती द्वारा आयोजित ग्राम-स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि क्या प्रगति का कभी कोई अंत होता है?... जब हम अपने लक्ष्य तक पहुंचते हैं, तो हम देखते हैं कि अभी भी बहुत कुछ करना बाकी है।



मोहन भागवत ने आगे कहा कि एक आदमी सुपरमैन बनना चाहता है, फिर देव और फिर भगवान। आंतरिक और बाह्य दोनों प्रकार के विकासों का कोई अंत नहीं है। यह एक सतत प्रक्रिया है और इसीलिए हमें हमेशा थोड़ा 'असमाधान' (बिना समाधान) पर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि बहुत कुछ किया गया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ बाकी है। एक कार्यकर्ता को यह सोचना चाहिए कि उसने बहुत कुछ किया है, लेकिन अभी भी बहुत कुछ बाकी है क्योंकि और अधिक करने की गुंजाइश हमेशा रहती है... समाधान तभी निकलेगा जब लगातार विकास होता रहेगा।

उन्होंने कहा, 'देश के भविष्य को लेकर कोई संदेह नहीं है, अच्छी चीजें होनी चाहिए, इसके लिए सभी काम कर रहे हैं, हम भी प्रयास कर रहे हैं...' आरएसएस प्रमुख ने कहा कि भारत के लोगों का अपना स्वभाव है और कई लोग बिना किसी नाम या प्रसिद्धि की इच्छा के देश के कल्याण के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पूजा की शैलियां अलग-अलग हैं क्योंकि हमारे यहां 33 करोड़ देवी-देवता हैं और यहां 3,800 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं और यहां तक कि खान-पान की आदतें भी अलग-अलग हैं। भिन्नता के बावजूद हमारा मन एक है और दूसरे देशों में नहीं पाया जा सकता।

भागवत ने कहा कि इन दिनों तथाकथित प्रगतिशील लोग उस समाज को वापस लौटाने में विश्वास करते हैं जो भारतीय संस्कृति में निहित है। उन्होंने कहा, ÷यह शास्त्रों में कहीं नहीं लिखा है लेकिन पीढ़ी दर पीढ़ी यह हमारे स्वभाव में है।÷ उन्होंने ग्राम कार्यकर्ताओं से समाज के कल्याण के लिए अथक प्रयास करने का भी आग्रह किया।

# सीएम सैनी की बड़ी घोषणा, हिट-एंड-रन केस के पीड़ितों को कैशलेस इलाज के साथ मिलेगा मुआवजा

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा में सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित व्यक्ति को सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से अब राज्य में केंद्र सरकार की तर्ज पर नई योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि इस योजना के तहत हिट-एंड- रन के दुर्घटना के मामलों में पीड़ितों को कैशलैस उपचार की सुविधा के साथ-साथ मुआवजा दिया जाएगा। साथ ही मुआवजे के आवेदन और पीड़ितों को भुगतान की प्रक्रिया की समय सीमा भी तय कर दी गई है।

मुख्यमंत्री प्रैसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के तहत बीमाकृत तथा बीमा रहित वाहनों और हिट-एंड-रन दुर्घटनाओं के पीड़ितों को कैशलैस उपचार की सुविधा दी जाएगी। इस खर्च का वहन हरियाणा रोड सेफ्टी फंड से किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस स्कीम को जिला स्तर पर उचित रूप से लागू करने के लिए एक जिला स्तरीय कमेटी का भी गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जांच आयुक्त द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत करने के 15 दिन के अंदर मुआवजा के भुगतान का आदेश जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद 15 दिन के अंदर मुआवजे का भुगतान भी कर दिया जाएगा।

### हुड्डा को चुनौती, हम हिसाब देने को तैयार, पहले वह 11 सवालों का दें जवाब

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनौती देते हुए कहा कि हम हिसाब देने के लिए तैयार है, पहले वह हमारे 11 सवालों का जवाब दें। उन्होंने कहा कि हर गाव में जाकर अपने विकास कार्य बताएंगे, हुड्डा बताए कि कितना पैसा ग्रामीण विकास में खर्च किया। हुडा कार्यकाल में नौकरियों किस हिसाब से दी जाती थी। हुड्डा बताएं कि किसानों के हित में क्या-क्या किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारने कांग्रेस से ज्यादा प्रदेश का विकास किया। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार ने लोगों को ठगने का काम किया था। काग्रेस सरकार में पेंशन के लिएभटकना पड़ता था जबकि आज 2,32,000 बुजुर्गों को पैशन दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने किसानों के हित में कुछ नहीं किया और उस सरकार में किसानों को मुआवजे के रुप में 2 व 5 रुपए के चेक दिए जाते थे।



# कन्याकुमारी से सियाचिन तक साइकिल यात्रा पर निकली हरियाणा की बेटी आशा, राज्यपाल ने बढ़ाया हौसला



चंडीगढ़ः हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से बुधवार को राजभवन में एकल महिला साइकलिस्ट आशा मालवीय ने शिष्टाचार मुलाकात की। कारगिल विजय दिवस की रजत जयंती के अवसर पर सशक्त सेना, समृद्ध भारत के उद्देश्य से कन्याकुमारी से सियाचिन तक साइकिल यात्रा पर निकली आशा मालवीय का चंडीगढ़ पहुंचने पर राज्यपाल श्री बंडारू दत्तात्रेय ने हौसला बढ़ाते हुए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। मध्य प्रदेश के गांव नाटाराम की आशा मालवीय अब तक करीब 3400 किलोमीटर की साइकिल यात्रा पूरी कर चुकी है और इसी कड़ी में वो बुधवार को चंडीगढ़ पहुंची थी। इससे पहले आशा मालवीय पिछले साल संपूर्ण भारत में 26 हजार किलोमीटर की एकल महिला साइकिल यात्रा महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से कर चुकी है। पूर्व यात्रा के समय भी राज्यपाल ने आशा मालवीय को प्रशस्ति प्रदान कर हौसला बढ़ाया था।

# हरियाणा में जमीनी विवाद में भाई बना भाई की जान का दुश्मन, जानलेवा हमला कर हुआ फरार



पलवल। पलवल जिले में अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ता जा रहा है। आए दिन हत्या और हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले सामने आ रहे है जिनके सामने पुलिस बेवस नजर आ रही है। ताजा मामला गांव भुलवाना से सामने आया है जहां देर रात जमीनी विवाद के चलते सगे भाई ने भाई को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गया। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत को देखते हुए उसे फरीदाबाद अस्पताल के लिए रैफर कर दिया है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामला दर्ज नहीं कर सकी है। फिलहाल पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस और परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार गांव नंदगांव थाना कोसीकलां यूपी निवासी अमरचंद व उसके भाई देवीराम के बीच पिछले काफी समय से जमीनी विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते अमरचंद अपने परिवार के साथ गांव भुलवाना में रहने लगा और देवीराम गांव नंदगांव में रहता था। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से अमरचंद व देवीराम के बीच फोन पर जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते देर रात देवीराम अमरचंद के भुलवाना मकान पर आ गया। पहले तो देवीराम ने अमरचंद के साथ झगड़ा किया और उसके बाद देवीराम ने अपने पास से हथियार निकालकर अमरचंद पर गोली चला दी। गोली अमरचंद के कान के पास लगी और वह घायल हो गया। अमरचंद को घायल करने के बाद देवीराम मौके से फरार हो गया।

# दहेज की बलि चढ़ी एक और बेटी, ससुराल वालों ने की हत्या... दो साल पहले हुई थी शादी

कैथल। देश में एक तरफ महिलाओं को कंधे से कंधा मिलाकर चलने के नारे दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आज भी बेटियां दहेज की बलि बेदी पर चढ़ रही हैं। कैथल के कलायत में परिजनों ने आरोप लगाया है की उनकी विवाहित बेटी को दहेज की खातिर गला घोंट कर मौत के घाट उतार दिया है। मृतक लड़की के भाई ने बताया कि नरवाना से कलायत में उसकी बहन सिवनी उम्र 25 साल की शादी संदीप के साथ दो साल पहले हुई थी जिसकी के 8 महीने की लडकी भी है शादी के दो महीने बाद ही मेरी बहन को दहेज के लिए तंग करना शुरु कर दिया था साथ में मारपीट शुरु कर दी। ये लगातार चलता रहा पंचायत में रजामंदी कर मेरी बहन को सुसराल ले गए। मेरी बहन के लड़की होने से भी सुसराल वाले खुश नहीं थे। अभी कुछ ही दिन हुए थे सुसराल आए हमारे पास फोन आता की आपकी लड़की बिहोश हो गई है जबकि वो मर चुकी थी। इस बारे में कलायत थाना एसएचओ ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी एक महिला का स्वर्गवास। मौके पर पहुंच कर डेड बॉडी को सरकारी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा दिया है दहेज हत्या के मामले में लड़की के पति, ससुर,सास और ननद पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी।

# बहादुरगढ़ की एएसएल कंपनी में ईडी का छापा...100 से अधिक कर्मचारी अंदर मौजूद, 1392 करोड़ बैंक फाड का मामला

बहादुरगढ़। प्रवर्तन निदेशायलय की टीम सुबह से हरियाणा में छापेमारी कर रही है। भिवानी के बाद दिल्ली-रोहतक रोड पर आसौदा गांव के पास स्थित एएसएल यानी एलायड स्ट्रिप्स लिमिटेड कम्पनी में ईडी ने छापेमारी की। ईडी के आधा दर्जन से ज्यादा अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। वहीं सीआरपीएफ के जवानों की ड्यूटी सुरक्षा के लिए लगाई गई है। ईडी की टीम यहां सुबह के समय करीब 7-30 बजे पहुंची थी और तभी से कंपनी के बैंक डिटेल खंगाल जा रहे हैं। कंपनी के अंदर 100 से ज्यादा कर्मचारी भी मौजूद हैं। किसी के भी बाहर आने जाने पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है। सूत्रों की माने तो ईडी की टीम ने यहां कंपनी की बैंक ट्रांजैक्शंस से जुड़े काफी कागजात अपने कब्जे में लिए हैं।




बताया जा रहा है कि वर्ष 2022 में 1392 करोड रुपए का एक बैंक फॉड सामने आया था। जिसके बाद सीबीआई ने मामला दर्ज किया था और बाद में ईडी ने पीएमएलए यानी प्रिवेंशन ऑफ़ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। सूत्रों की माने तो विधायक राव दान सिंग के बेटे अक्षत सिंह के परिवार से यह कंपनी जुड़ी हुई है। महेंद्र अग्रवाल और गौरव अग्रवाल कंपनी के मुख्य प्रमोटर हैं। इसके अलावा अंकित जैन, प्रदीप अग्रवाल, दीपक गर्ग और रविंद्र कुमार कंपनी के बोर्ड डायरेक्टर बताए जा रहे है। बहादुरगढ़ में स्थित इस कंपनी में ईडी के अधिकारियों को आए हुए 6 घंटे से ज्यादा का समय बीत चुका है। यह रेड काफी लंबे समय तक चल सकती है। ईडी के अधिकारियों को कंपनी के अंदर क्या अहम सुराग मिलते हैं। यह है देखने वाली बात होगी।

# हरियाणा में 'आप' ने तोड़ा इंडिया अलाइंस, विधानसभा चुनावों को लेकर ठोकी अपनी दावेदारी




**चंडीगढ़**-हरियाणा में विधानसभा चुनाव सिर पर हैं। ऐसे में प्रदेश की सभी 90 विधानसभा सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि पार्टी पूरी ताकत से हरियाणा में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। दिल्ली और पंजाब में हमारी सरकार है। आधा हरियाणा पंजाब और आधा दिल्ली से टच करता है। हरियाणा के लोगों ने हमसे हरियाणा में आने का आग्रह किया। हरियाणा ने हर पार्टी को समय दिया। उन्होंने कहा कि किसी ने भी हरियाणा के लोगों के साथ वफा नहीं की। जो आया, उसने लूटा, हरियाणा के लोग बदलाव चाहते हैं। मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल हरियाणा के हैं। हरियाणा-पंजाब-दिल्ली का कल्चर एक है। पार्टी जो कहेगी मैं वो करूंगा, हमारी टीम बहुत मजबूत है।

### बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल- संजय सिंह

वहीं संजय सिंह ने कहा कि हरियाणा ने सभी पार्टियों का शासन देखा। पिछले 10 साल से डबल इंजन की सरकार चल रही है। हरियाणा फिरौती का उद्योग बना। हरियाणा की सड़कों पर लाठियां चलती दिखी। उन्होंने कहा कि किसानों को आंदोलन में कुचला गया। पंजाब-हरियाणा के किसानों की मांगों को रौंदा गया। हरियाणा में बेरोजगारी बहुत बड़ी समस्या है। भारतीय सेना को ठेके पर दे दिया। वहीं अग्निवीर की 4 साल की ठेके की नौकरी है, यह भारत की सेना का अपमान है। अग्निवीर योजना इस देश के साथ धोखा है। किसान जब भी फसल के दाम की मांग करता है, उसको लाठियां मिलती हैं। आम आदमी पार्टी से लोगों को उम्मीद है। हमने दिल्ली-पंजाब में काम करके दिखाया है। संजय सिंह ने कहा कि पंजाब सरकार ने 43 हजार नौकरियां 2 साल में दी। दिल्ली मॉडल आज पूरी दुनिया में चर्चा का विषय है। 'बदलेंगे हरियाणा का हाल, अब लाएंगे केजरीवाल'। इस बार जनता बीजेपी को जवाब देगी। हरियाणा की सभी सीटों क्मजबूती से चुनाव लड़ेगी।

आप के महासचिव संदीप पाठक ने आम आदमी पार्टी हरियाणा में ऐसा चुनाव लड़ेगी, दुनिया देखेगी। ऐसा द्वंद ना कभी हुआ होगा, ना होगा। आम आदमी पार्टी सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ेगी। साढ़े 6 हजार गांवों में बदलाव जनसभा हो चुकी है। जनता कह रही है इस बार बदलाव लाओ। हरियाणा की जनता केजरीवाल की तरफ उम्मीद भरी निगाहों से देख रही है। यह अभूतपूर्व चुनाव होने वाला है। 20 जुलाई को टाउन हॉल में केजरीवाल की गारंटी को लांच किया जाएगा।

# हुड्डा के करीबी राव दान सिंह के आवास पर पहुंची ईडी, कई ठिकानों पर की जा रही रेड



**महेंद्रगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। हरियाणा में सियासी क्राइसिस के बीच एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशायल की टीम ने दस्तक दे दी है। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे राव दान सिंह के घर पर ईडी की रेड चल रही है। राव दान सिंह महेंद्रगढ़ शहर से विधायक हैं। बताया जा रहा है कि यह रेड राव दान सिंह की कोठी, फार्म हाउस और उसके भाई के मकान पर महेंद्रगढ़ में की जा रही है जबकि गुड़गांव में भी उनके निवास पर ईडी की रेड बताई जा रही है। महेंद्रगढ़ से कांग्रेस विधायक एवं गत लोक सभा चुनाव में महेंद्रगढ़ -भिवानी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार रहे राव दान सिंह के महेंद्रगढ़ स्थित आवास पर सुबह 4 बजे से ईड़ी ने रेड की। सूत्रों के हवाले से खबर सामने आ रहा है कि लगभग 1 लाख हजार करोड़ के कागजात मिले है। घर के बाहर सुरक्षा कर्मी तैनात हैं और अंदर टीम रिकॉर्ड खंगाल रही है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई करीब 1392 करोड़ के बैंक घोटाला से जुड़े मामले में दिल्ली, झारखंड व हरियाणा के कुल 15 जगहों पर की जा रही है। बता दें कि राव दान सिंह ने हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भिवानी महेंद्रगढ़ सीट से चुनाव लड़ा था। कांग्रेस पार्टी ने उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया था। हालांकि भाजपा उम्मीदवार चौधरी धर्मबीर ने उन्हें करीब 41 हजार वोटों से हरा दिया था।

# चौधर की सियासत पर हाईकोर्ट का स्टे: कैथल चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आज, वोटिंग होगी पर नहीं जारी होगा परिणाम

**कैथल।** राजनीति कब किस करवट बैठेगी कुछ नहीं कहा जा सकता। ऐसा ही कुछ भाजपा व जजपा का गठबंधन टूटने के बाद कैथल में जिला परिषद चेयरमैन पद पर कई माह से चल रहे घमासान से देखने को मिल रहा है। गठबंधन टूटा तो जजपा के चेयरमैन दीपक मलिक उर्फ दीप जाखौली के खिलाफ भाजपा समर्थित 15 पार्षदों ने अविश्वास का शपथ पत्र दिया। चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया तो मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 19 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव के लिए होने वाली वोटिंग पर तो रोक लगाने से इंकार कर दिया, परंतु चुनाव परिणाम घोषित करने के लिए उसके फैसले का इंतजार करने को कहा।



### अब वोटिंग तो होगी, परंतु परिणाम घोषित नहीं होगा


हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद भले ही 19 जुलाई को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली वोटिंग पर रोक लगाने से इंकार कर दिया हो, परंतु वोटिंग के बाद चुनाव परिणाम घोषित करने पर रोक लगाकर मामले की सुनवाई पूरी होने तक चेयरमैन दीप मलिक को कुछ राहत जरूर दे दी है। 19 को होने वाली वोटिंग में चेयरमैन का ताज बचेगा या फिर नीचे से कुर्सी खिसकेगी, यह हाईकोर्ट से हरीझंडी मिलने पर वोटिंग के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।

### 21 पार्षदों में से 15 खिलाफ

भाजपा नेतृत्व ने इसी साल लोकसभा चुनावों से पहले मार्च माह में मनोहर की जगह नायब सैनी को प्रदेश के मुख्यमंत्री की कमान सौंपने के साथ जजपा से गठबंधन भी तोड़ लिया था। हरियाणा में भाजपा व जजपा गठबंधन सरकार के दौरान जनवरी 2023 में जजपा नेता दीपक मलिक उर्फ दीप जाखौली को कैथल जिला परिषद का चेयरमैन चुना गया था। गठबंधन टूटते ही दीप जाखौली की कुर्सी पर मंडराना शुरू हुआ खतरा अब अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंच गया है। जिला परिषद के 21 पार्षदों में 15 भाजपा व 6 जेजेपी समर्थक माने जाते हैं। फिलहाल भाजपा समर्थित 15 पार्षद दीप के खिलाफ एकजुट बताए जा रहे हैं। हालांकि असली तस्वीर 19 जुलाई के अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली वोटिंग का परिणाम घोषित होने के बाद ही सामने आ पाएगी। अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने और नोटिस जारी किए जाने में नियमों का ठीक से पालन नहीं किया गया है। इस पर माननीय हाइकोर्ट ने हमें राहत दी है और सरकार को नोटिस जारी किया है कि सफाई दें कि नियमों का पालन क्यों नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा है कि मतदान करवा लें लेकिन तब तक रिजल्ट घोषित नहीं करें जब तक हाइकोर्ट से हमारे केस का फैसला नहीं होता। हमारी मांग है कि प्रशासन कल होने वाली वोटिंग को स्थगित करे ताकि जब हाइकोर्ट से केस फाइनल हो जाए तब पूरी प्रक्रिया एक साथ करवा ली जाए।

# हरियाणा में फिर एक्टिव हुआ मानसून , आज से भारी बारिश के आसार...जानें कब तक रहेगा ऐसा मौसम

चंडीगढ़। हरियाणा में फिर मानसून सक्रिय हो गया है। हालांकि इसका असर सिर्फ दो दिन तक ही रहेगा। आज हरियाणा के उत्तरी इलाकों में बारिश हो सकती है। वहीं कुछ अन्य इलाकों में हल्की बारिश का अनुमान जताया गया है। यमुनानगर और आसपास के इलाकों में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा अंबाला, कुरुक्षेत्र, कैथल में भी बारिश देखने को मिल सकती है। बता दें कि एक दिन पहले बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश हुई थी। हल्की और मध्यम बारिश के साथ ही तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। अब 19 जुलाई तक प्रदेश के जिलों में बारिश की संभावना है। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी गिरावट हो सकती है।



**अंबाला-यमुनानगर में भारी बारिश की संभावना**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) ने पहले ही मौसम में बदलाव की भविष्यवाणी की थी। इसके तहत 17 से 19 जुलाई की रात तक बारिश की संभावना है। इसके साथ ही बुधवार सुबह से ही मौसम में बदलाव देखने को मिला। सुबह से ही कई जिलों में बारिश हुई। अंबाला, भिवानी, चरखी दादरी, गुरुग्राम, हिसार, जींद, कुरुक्षेत्र, नूंह, रेवाड़ी, रोहतक, सिरसा, सोनीपत, यमुनानगर में बारिश दर्ज की गई है। आने वाले दिनों में फिर से बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पंचकूला, अंबाला, यमुनानगर में भारी बारिश की संभावना है।

# अब सैनी के पिटारे से निकलेंगे खटाखट ऐलान ! चुनावी मौसम में होगा सियासी तोहफों का खेला

**अम्बाला।** नायब सैनी के मुख्यमंत्री बनने के बाद से पार्टी कार्यकर्ताओं में नयी उर्जा व जोश का माहोल है। लोकसभा चुनावों की हार को भुला कर पार्टी के ज्यादातर कार्यकर्ता फिर से खड़ा होने लगे हैं जबकि कुछ अभी भी अलग थलग बैठे हैं। भाजपा क्षेत्रों का मानना है कि केडरबेस पार्टी होने के नाते कुछ कार्यकर्ता रूठ तो सकते हैं लेकिन अपना रास्ता नहीं बदल सकते। वैसे भी कार्यकर्ताओं की एकजुटता चुनावों में संजीवनी साबित होती है। मुख्यमंत्री ने अभी हाल में अग्निवीरों को जो तोहफा दिया हैं उससे सेना ही नहीं युवाओं का मनोबल भी बढ़ेगा। उन्होंने सरपंचो का मानदेय दुगना करने, कच्चे सरकारी कर्मियों के वेतन बढ़ोत्तरी करने, गरीबों को मुफ्त प्लाट देने, गरीबों को मुफ्त बस यात्रा का हैप्पी कार्ड देने व बिना खर्ची पर्ची के हजारों पक्की नौकरियाँ देने की जो शुरुआत की है उससे आम आदमी भाजपा से जुड़ा है।

अभी तो चुनाव से पहले उन्होंने अपना चुनावी पिटारा खोलना है, जिसमें से महाराष्ट्र की तर्ज पर लाडला भाई योजना व मध्यप्रदेश की लाडली बहना योजना जैसे कुछ बड़े ऐलान भी निकल सकते हैं। चुनावों से पहले कांग्रेस व अन्य दल कर्ज में डूबे सूबे के बजट को ताक पर रख कर कई लम्बी चौड़ी घोषणाएं करनी हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इस साल वहां होने वाले विस चुनावों के मद्देनजर लाडला भाई योजना शुरू की है जिसके तहत बारहवीं पास हर युवा को 6 हजार रूपये, डिप्लोमाधारी को 8 हजार व व स्नातक को 10 हजार रूपये दिए जाएंगे। यहाँ भी अगले तीन महीने बाद विस चुनाव है इसलिए नायब सैनी भी कुछ बड़े ऐलान कर उन्हें जमीन पर उतार सकते हैं। हरियाणा में बेरोजगारों की बड़ी फ़ौज है। लाडला भाई जैसी योजना से उन पर मरहम लगाया जा सकता है। सूबे की आधी आबादी की जेब भी भारी करना भी जरूरी है। वैसे भी सियासत में यह रिवाज हो गया है कि कुछ दोगे तभी कुछ मिलेगा।

दरअसल अपनी सादगी व मिलनसारिता की वजह से पार्टी में नायब सैनी की पहचान एक कार्यकर्ता मुख्यमंत्री के तौर पर बनने लगी है। माना जा रहा है कि यदि सैनी ने जनहित में बड़े फैसले लेने का सिलसिला जारी रखा तो आने वाले समय में सूबे में कमल का ग्राफ बढ़ सकता है। आम कार्यकर्ता को अब उनके दरवाजे पर दस्तक देने में कोई परेशानी नहीं आती। वह कार्यकर्ताओं में यह भरोसा बनाने में कामयाब हो रहे हैं कि कार्यकर्ता उनके लिए सर्वोपरी हैं।

करीब साढ़े नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे अब केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल व पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने पार्टी के संगठन को बूथ स्तर तक इस कदर मजबूत कर दिया था कि विपक्ष भी उसका लोहा मानने लगा। पन्ना प्रमुखों की जो फौज उन्होंने तैयार की थी वह अब मायूसी के दौर में है। 2014 व 2019 में भाजपा की सरकार बनवाने में पन्ना प्रमुखों की बड़ी भूमिका थी लेकिन 2024 के आते आते उनकी रफ़्तार ढीली पड़ गयी।

### किसी की नकेल कसी तो किसी को दिया फ्रीहेन्ड

2019 के लोकसभा चुनावों में सूबे के सभी दस सीटों पर कमल खिला और राज्य सरकार की पांच सालों की एंटीइनकम्बेंसी होने के बाबजूद सूबे में भाजपा की सरकार बनी। 2024 के लोकसभा चुनाव में किसानों की नाराजगी, कांग्रेस का आरक्षण खत्म करने का प्रचार व पन्ना प्रमुखों निष्क्रियता भाजपा के खिलाफ एक बड़ा फेक्टर था जिसके चलते उसे अपनी पांच सीटें गंवानी पडीं। इन नतीजों से भाजपा को कुछ मायूसी जरूर हुई लेकिन उसे इस बहाने कार्यकर्ताओं की ताकत का भी अंदाजा हो गया। नायब सैनी ने मुख्यमंत्री बनने के बाद सबसे बड़ा काम जन प्रतिनिधियों के सम्मान की बहाली के लिए अफसरशाही पर नकेल कसी और उन्होंने उन कुछ एक आला अफसरों पर पूरा भरोसा भी किया और उन्हें फ्रीहेंड दिया जो पिछले कई सालों से सरकार को हर बड़ी मुश्किल से निकाल कर उसके लिए संकटमोचक साबित होते रहे हैं।

### प्रदेश में बढ़ा है भाजपा का ग्राफ

पिछले साढ़े 9 सालों में पहले तात्कालीन मख्यमंत्री मनोहर लाल और अब मौजदा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मोदी जी के सबका साथ सबका विकास मन्त्र को जमीन पर उतार कर दिखाया। सरकार ने हर वर्ग को राहत देने की कोशिश की है। हर जिले में विकास के ढेर सारे काम हुए हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के आरक्षण को लेकर किये गए दुष्प्रचार से पार्टी को थोड़ा बहुत नुक्सान हुआ है लेकिन काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ती। आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा दो तिहाई बहुमत हासिल करके तीसरी बार सत्ता में लौटेगी और नायब सैनी के सर पर फिर एक बार मुख्यमंत्री का ताज सजेगा।



# जल जीवन मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला में डायरिया से होने वाली बिमारी व बचाव के कारण बताये गये

**संस्कार उजाला**

सहारनपुर जनपद-मुजफ्फरनगर : ब्लॉक पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद में जल गुणवत्ता एवं जल जनित रोगों ओर स्वास्थ्य प्रभावों से सम्बन्धित नल वाला जल पिलाओ डायरिया को दूर भगाओ, साफ पानी पियो जरूर डायरिया को रखो बच्चो से दूर, जिसमे सभी ग्राम को इस बिमारी से बचने के उपाय बताये गये आदि` राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जल गुणवत्ता के मुद्दों,जल-जनहित रोगों और स्वास्थ्य प्रभावों पर ब्लॉक स्तरीय कायार्शाला का आयोजन किया गया` जिसमे ग्रामवासियों ने आकर कार्य को सफल बनाया डायरिया पाचन से संबंधित एक बीमारी जो यदि ठीक न हो तो निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं।डायरिया की बीमारी एक साधारण बीमारी है, जो हर व्यक्ति को साल में एक या दो बार जरूर होती है। इससे व्यक्ति के अंदर बहुत कमजोरी




पैदा हो जाती है। अगर यह लगातार कई दिनों तक हो जाए तो इससे मौत भी हो सकती है। यदि इसका समय पर इलाज न किया जाए तो शरीर में निर्जलीकरण की स्थिति उत्पन्न हो सकती है जिससे मृत्यु का खतरा बढ़ जाता है। डायरिया की बीमारी के कारण व्यक्ति के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। यह रोग अचानक से शुरू होता है और लंबे समय तक रहता है। बार बार दस्त आने के कारण शरीर में पानी और नमक की बहुत कमी हो जाती है जो मृत्यु का कारण भी बन सकती है। इस अभियान में ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी और ब्लॉक के समस्त स्टाप आदि मौजूद रहे` इस अभियान में ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी और ब्लॉक के समस्त स्टाप व ब्लॉक प्रमुख आदि मौजूद रहे` इस अभियान में ऊढटव ळएअट ऋ्रएअेक-अइअऊ से आए पदाधिकारी प्राची गुप्ता (ISA CO-ORDINETOR) आदि मौजूद रहे IEC विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से आए पदाधिकारी देवेन्द्र,सचिन चौधरी, संगीता,मोनू शर्मा,मंदीप आदि मौजूद रहे`

# जल-जनहित रोगों और स्वास्थ्य प्रभावों पर ब्लॉक स्तरीय कायार्शाला का आयोजन किया गया

**संस्कार उजाला**

सहारनपुर जनपद-मुजफ्फरनगर : ब्लॉक पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जल गुणवत्ता के मुद्दों,जल-जनहित रोगों और स्वास्थ्य प्रभावों पर ब्लॉक स्तरीय कायार्शाला का आयोजन किया गया` जिसमे ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी और ब्लॉक के समस्त स्टाप ने आकर कार्य को सफल बनाया जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वछता सहायक संगठन द्वारा खंड कनीना के ग्रास रूट वर्कर्स फिटर प्लंबर इलेक्ट्रिशियन नलकूप चालकों को ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं के संचालन व रखरखाव की एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षित किया गया। जागरण संवाददाता,नारनौल: जल जीवन मिशन के तहत जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा खंड कनीना के ग्रास रूट वर्कर्स, फिटर, प्लंबर, इलेक्ट्रिशियन, नलकूप चालकों को ग्रामीण



जलापूर्ति योजनाओं के संचालन व रखरखाव की एक दिवसीय क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान प्रशिक्षित किया गया। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायतों में पेयजल के समान वितरण के लिए ग्रास रूट वर्कर्स को अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी होना जरूरी है। इस अभियान में ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी और ब्लॉक के समस्त स्टाप आदि मौजूद रहे` इस अभियान में ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी,सहायक विकास अधिकारी और ब्लॉक के समस्त स्टाप व ब्लॉक प्रमुख आदि मौजूद रहे`

इस अभियान में ऊढटव ळएअट ऋ्रएअेकअइअऊ से आए पदाधिकारी प्राची गुप्ता (करअ उड-डफ्ऊव्ठएळडफ) आदि मौजूद रहे

कएउ विल्सन ग्रीन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड से आए पदाधिकारी देवेन्द्र,सचिन चौधरी, संगीता,मोनू शर्मा,मंदीप आदि मौजूद रहे`

## महापौर ने जल भराव से प्रभावित होने वाले वार्ड नंबर 26 व 31,का किया निरीक्षण



**संस्कार उजाला ब्यूरो** सहारनपुर। भराव से प्रभावित होने वाले क्षेत्र वार्ड नंबर 26 और वार्ड नंबर 31 के क्षेत्र का दौरा किया। वहां पर लगाए गए मोटर पंप सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं इसका निरीक्षण किया, तथा वार्ड नंबर 26 में राजवाहा के निकट गेटवाल्व लगाकर पानी को कॉलोनी में ना घुसने के लिए रोकने का प्रबंध करने का आदेश दिया, इस दौरान साथ में उप सभापति मुकेश गाखर जी, दल नेता संजय गर्ग जी, महानगर उपाध्यक्ष संदीप रावत जी, स्थानीय पार्षद वीरेंद्र उपाध्याय जी, पार्षद इसम सिंह जी, अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव जी, संदीप मिश्रा जी , व`रड राजीव चौधरी जी मौके पर मौजूद रहे।

## अंशुल सिंघल बने पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के बेहट नगर अध्यक्ष

**संस्कार उजाला। भवानी सैनी**



बेहट। पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग का बेहट पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। उनकी मौजूदगी में जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह राणा ने बेहट इकाई कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमे अंशुल सिंघल को बेहट नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। गुरुवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग जिला पंचायत मार्किट शाकंभरी चौक बेहट पहुंचे पहुंचे जहां व्यापारियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि व्यापारियों की मांगों को जल्द पूरा किया जाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह राणा ने बेहट इकाई की घोषणा की गई। जिसमे अंशुल सिंघल को बेहट नगर अध्यक्ष, तुषार राणा को महामंत्री, अरुण शर्मा को कोषाध्यक्ष तथा डॉक्टर नरेंद्र धीमान को संरक्षक घोषित किया। इस दौरान मोहित बंसल, नवीन गुप्ता, संदीप चौहान, सुजीत आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त डायरी

### रोजगार मेला 21 जुलाई को

**संस्कार उजाला ब्यूरो**

सहारनपुर मुख्यमंत्री मिशन रोजगार के अन्तर्गत उ०प्र० शासन के निदेर्शानुसार जनपद के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रत्येक माह रोजगार (प्लेसमेंट-डे) मेले का आयोजन किया जाता है। जिसके माध्यम से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को प्लेसमेंट डे के अवसर पर रोजगार प्राप्त होते हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य श्री राकेश कुमार ने बताया कि जनपद में जनपद में (प्लेसमेंट-डे) रोजगार दिवस / अप्रेन्टिस मेला 22 जुलाई को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, दिल्ली रोड सहारनपुर में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मिन्डा कॉरपोरेशन हरिद्वार, टी.टी. के प्रेस्टीज लि० रुड़की, वी-गार्ड लि० भगवानपुर, अम्बर इंटरप्राइजेज यूनिट-4, 5 और यूनिट 6 देहरादून, रॉकमैन इंडस्ट्री लि० हरिद्वार मेले में प्रतिभाग कर रही है। जिसमें तकनीकी गैर तकनीकी पदों पर अभ्यार्थियों का साक्षात्कार के द्वारा चयन किया जायेगा। ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो आई०टी०आई०, डिप्लोमा एवं हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, परास्नातक पास हो, जिनकी आयु 18 से 28 वर्ष के मध्य हो वह 22 जुलाई को प्रात: 10 बजे से सांय के 3:30 बजे तक अपना बायो डाटा एवं शैक्षिक प्रमाण-पत्र के साथ टी०सी०पी० सेल / कक्ष में उपस्थित होकर, प्लेसमेंट डे के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### नकुड उप जिलाअधिकारी संगीता राघव ने संभावित बाढ़ के मद्देनजर बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन कर बचाओ और राहत कार्यों को लेकर दिशा निर्देश दिए गये

**संस्कार उजाला**



**सहारनपुर नकुड सहारनपुर:** नकुड उप जिलाधिकारी संगीता राघव के नेतृत्व में बाढ़ आपदाओ से बचाव के लिए बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन किया गया इस दौरान उप जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को निर्देश करते हुए कहा कि प्रत्येक बाढ़ प्रभावित ग्राम में बाढ़ सुरक्षा समिति का गठन कर उनके मोबाइल नंबर जिला प्रशासन को उपलब्ध कराया जाये और ड्राई राशन खरीदने संबंधी सभी तैयारियों को पहले ही पूर्ण कर लें उप जिलाअधिकारी ने निर्देश दिए कि हेल्थ किट तैयार की जाए जिसमें ओआरएस क्लोरीन की गोली-बुखार की दवा आदि शामिल हो एवं डिग्निटी किट तैयार कराए सभी सीएचसी एवं पीएचसी पर एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं बाढ़ चौकियों पर एक डॉक्टर एवं एक पैरा मेडिकल स्टाफ को तैनाती कर उसकी सूची एडीएम कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए साथ ही गोताखोरों को चिन्हित करते हुए उनकी सूची अपडेट की जाये

### किसानो की समस्याओं के लिए देश के किसान नेता जुटेंगे- दिल्ली में 22 जुलाई को भगत सिंह वर्मा



**01..अन्नदाता किसानों की समस्याओं को हल कराने तक संघर्ष जारी रहेगा -भगत सिंह वर्मा।**

**संस्कार उजाला ब्यूरो**

**सहारनपुर-** आज यहां बीडीएम स्कूल में भारतीय किसान यूनियन वर्मा की बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार लगातार देश और प्रदेश के अन्नदाता किसानों का शोषण कर रही हैं। जिस किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। देश के अन्नदाता किसानों की समस्याओं को लेकर पंजाब के किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डलेवाल के नेतृत्व में 22 जुलाई को देश के सभी किसान संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष कांस्टीट्यूशनल क्लब दिल्ली में इकट्ठा होंगे। जिसमें भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा भी भाग लेंगे यदि जल्द ही भाजपा की केंद्र सरकार ने देश के अन्नदाता किसानों की समस्याओं को हल नहीं किया तो इस बार दिल्ली में ऐतिहासिक आंदोलन होगा। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि फरवरी से लगातार देश के किसान सरदार जगजीत सिंह डलवाल के नेतृत्व में पंजाब के शंभू बॉर्डर खनोरी बॉर्डर पर अभी भी लाखों किसान और हजारों ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ धूप और बारिश में डटे हुए हैं। भगत सिंह वर्मा ने कहा कि देश के अन्नदाता किसान दिल्ली जाकर राज में हिस्सेदारी नहीं मांग रहे हैं देश के अन्नदाता किसानों को तो उनके सभी कर्ज माफ किए गए किसानों को उनकी फसलों का लाभकारी मूल्य दिलाया जाए राष्ट्रीय आय आयोग का गठन किया जाए मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराये जाए 58 वर्ष से अधिक बुजुर्ग किसानों को 10000 रुपए प्रति माह वृद्धावस्था पेंशन दिलाई जाए। एम एस पी को गारंटी कानून बनाया जाए। डॉ एम एस स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए। देश और प्रदेशों की गन्ना किसानों को गन्ने का लाभकारी मूल्य ₹600 कुंतल दिलाया जाए ।और चीनी मिलों से तत्काल गन्ना भुगतान और पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज गन्ना किसानों को दिलाया जाए। जब तक किसानों की समस्याएं हल नहीं होंगे तब तक देश के अन्नदाता किसान संघर्ष करते रहेंगे और अपनी समस्याओं को हल कर कर ही चैन से बैठेंगे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भारतीय किसान यूनियन वर्मा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ अशोक मलिक ने कहा कि आज भाजपा की केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश के किसान नेता कर्ज बंद हो रहे हैं और उन्हें अपनी फसलों का लाभकारी मूल्य तो दूर लागत मूल्य भी केंद्र सरकार नहीं दिला पा रही है भाजपा की सरकारों के कारण ही देश के अन्नदाता किसान कर्ज बंद हुए हैं इसलिए उनके सभी कर्ज समाप्त किए जाएं बैठक का संचालन करते हुए परदेश महामंत्री आसीम मलिक ने कहा कि देश के अन्नदाता किसान मेहनत करके देश के 140 करोड लोगों का भोजन तैयार कर रहे हैं उन्हें उनके हक मिलने ही चाहिए। बैठक में प्रदेश सचिव रिशिपाल गुर्जर महानगर अध्यक्ष मोहम्मद जहीर तुर्की महानगर उपाध्यक्ष हाजी कलीम उर रहमान जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला मंत्री मुकर्रम प्रधान अब्दुल सलाम मोहम्मद तबरेज जोगेंद्र सिंह चौधरी कालू सिंह हाजी अहतेशाम और सब इंस्पेक्टर सतीश कुमार प्रदेश सचिव मुनेश कुमार बुद्धू ने भाग लिया।

### पुलिस ने एक नशा तस्कर को किया गिरफ्तार 100 ग्राम स्मैक बरामद कार्रवाई करते हुए भेजा जेल

**संस्कार उजाला**



अंबेहटा सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं थाना प्रभारी धमैद्र गौतम के नेतृत्व में अबेहटा चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह भड़ाना ने आज पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सटीक सूचना पर शराफत पुत्र नाजिम निवासी मोहल्ला इमामियान को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि नशा तस्कर शराफत को 100 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध एन,डी,पी,एस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत करते हुए जेल भेजा जा रहा है। शराफत पर पहले भी एन,डी,पी, एस एक्ट के मुकदमे में जेल जा चुका है।

# पहले ही बारिश में घरों में घुसा पानी

01..गांव के बीच स्थित तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की मांग करते ग्रामीण

**संस्कार उजाला**



**सहारनपुर नांगल** नागल। बरसात की पहली बारिश का पानी सूभरी मेहराब की वाल्मीकि बस्ती में घरों में घुस गया है। जिस कारण दो दिनों से घरों में खाना भी नहीं बन सका ।सुखबीर, नक्कल, राहुल व देशराज वाल्मीकि का कहना है कि हमें तालाब किनारे रहने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। अतिक्रमण के कारण तालाब पूरी तरह बंद हो चुके हैं जिस कारण पूरे गांव का गंदा पानी बरसात होते ही उनके घरों में भर जाता है। ग्राम प्रधान लख्मीचंद का कहना है कि तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराए जाने की शिकायत कई बार की जा चुकी है लेकिन राजस्व कर्मी मौके पर आकर नापतोल कर चले जाते हैं लेकिन आज तक तालाब को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया जा सका जिस कारण पूरा गांव जलमग्न है। ग्रामीण सुखबीर, बबीता, कुसुम, जगपाल, प्रमोद, अजय, रवि कुमार व मोनू ने बताया कि गांव में चार तालाब है तीन गांव से बहुत दूर है जबकि रोहण नामक एक तालाब गांव के बीच स्थित है जो पहले से ही पूरे गांव का गंदा पानी समेटता आ रहा है, लेकिन कुछ वर्षो से इस तालाब पर कुछ ग्रामीणों ने पूरी तरह कब्जा कर लिया है जो अब तालाब की जगह एक खाली प्लाट होकर रह गया है।

उधर उप जिलाधिकारी सदर का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है लेकिन वह जांच कराएंगे।

# सहारनपुर में 6 अगस्त को पंचायत उपचुनाव::प्रशासन ने पूरी की तैयारियां

**संस्कार उजाला ब्यूरो**




**सहारनपुर** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने त्रिस्तरीय पंचायत के उपचुनाव को लेकर अधिसूचना जारी कर दी है ।तीन ग्राम प्रधान,6 क्षेत्र पंचायत, और 38 ग्राम पंचायत सदस्यों के पदों पर उपचुनाव 6 अगस्त को होंगे ।8अगस्त को चुनाव के नतीजे आएंगे ।तीन ग्राम पंचायतों को अनारक्षित में रखा गया है विकास खंड बलियाखेड़ी के हरियाबांस,मुज्जफराबाद की नोसरहेड़ी,नानौता की दलहेड़ी,देवबन्द की थिथकी व लखनोती, सरसावा की सैदपुरा,सरसावा देहात ग्राम प्रधान के चुनाव कहाँ नागल की ग्राम पंचायत कोरवा,सढोली की ग्राम पंचायत मोहिद्दीनपुर,मिजार्पुर पोल में ग्राम प्रधान पद के लिए चुनाव होंगे।।38 ग्राम पंचायत सदस्यों के भी होंगे उपचुनाव बलियाखेड़ी के खजुरी अकबर पुर व जंधेड़ी,मुज्जफराबाद के साहबपुरा, संसारपुर,गंगोह के रंधेड़ी, उमरपुर,सिकन्दर पुर,बेगी, तातारपुर कलां, खालिदपुर,बिलासपुर, घाटमपुर, नागल के शीतलाखेड़ा, बसेड़ा,खटोली,पुवांरका के सुमली,मुल्लापुर कदीम,गंदेवड, मोहिद्दीनपुर,कलालहटी,सरकड़ी शेख,खुर्द,बुढाखेड़ा, नानौता की मोरा, देवबन्द की गुनारसी,बहादरपुर, रामपुर मनिहारान की अंबेहटा चांद, रसूलपुर टांक, जहीरपुर ,बीबीपुर,गोपाली,मानकी,सरसावा की मीरपुर सीतापुर मनोहर पुर में उपचुनाव होंगे

# भाकियू क्रांति के पदाधिकारियों ने नवांगतुक एसडीएम से की शिष्टाचार भेंट

## किसानों के विभिन्न समस्याओं पर किया गया विचार विमर्श





**संस्कार उजाला**

सहारनपुर बेहट बेहट उपजिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट करने के लिए भारतीय किसान यूनियन (क्रांति )के पदाधिकारी गुरुवार को तहसील बेहट पहुंचे। इस दौरान किसानों के विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। एसडीएम द्वारा किसानों को समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया गया किसान यूनियन प्रदेश अध्यक्ष अमित सैनी के नेतृत्व में यूनियन के पदाधिकारी नवांगतुक उप जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह से शिष्टाचार भेंट करने के लिए पहुंचे। सभी पदाधिकारियों ने एसडीएम का स्वागत करते हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष अमित सैनी युवा विंग के प्रदेश अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बताया कि एसडीएम ने इलाके के किसानों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और तहसील की भौगोलिक जानकारी भी ली। उन्होंने किसान यूनियन के पदाधिकारियों को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इसके बाद भाकियू क्रांति के पदाधिकारी कोतवाली बेहट पहुंचे और कोतवाली प्रभारी से भी शिष्टाचार भेंट की। इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह ने भी किसानो को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष नितिन भट्ट, जिला सचिव आशीष सैनी, जिला संयोजक युवा रविंद्र कंबोज, जिला सचिव युवा रजत कंबोज, जिला अध्यक्ष महिला सरिता शर्मा, प्रदेश महामंत्री युवा सुमित भट्ट, जिला संगठन मंत्री अरविंद सैनी के अलावा रीना धीमान मीना धीमान सुमन, परीक्षा, प्रीति व सुमन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# धर्मांतरण के विषय पर शिवसेना का विरोध मुख्यमंत्री के नाम एस डी एम को सौंपा ज्ञापन

**संस्कार उजाला**



सहारनपुर रामपुर मनिहारान रामपुर मनिहारान शिवसेना पश्चिम उत्तर प्रदेश शिंदे गुट के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने तहसील परिसर में पहुंच कर उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारान को माननीय मुख्यमंत्री आदित्यनाथ (उत्तर प्रदेश) के नाम एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें धर्मान्तरण को रोकने की मांग की गई।और विशेष रूप से बरेली के तौकीर रजा द्वारा हिंदू युवक युवतियों के धर्मांतरण संबंधित दिये गये ब्यान के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया। पश्चिम उत्तर प्रदेश (शिंदे गुट) शिवसेना ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि बरेली निवासी तौकीर रजा नाम का एक दंगाई मौलवी धर्मांतरण का खुलेआम ऐलान कर रहा है। यही नहीं अपने इस कृत्य को अमली जामा पहनाने के लिए उक्त दंगाई मौलवी प्रशासन से बाकायदा परमिशन की मांग कर रहा है। महोदय: तौकीर रजा इससे पहले भी अनेक बार राष्ट्र विरोधी व हिंदु विरोधी बयान देकर शासन-प्रशासन को चुनौती देता रहा है। उक्त के बयानों को लेकर ठोस तरीके से कार्रवाई न होने के कारण उक्त मौलवी बार बार देश और प्रदेश के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश में लगा हुआ है। एक बार फिर इस मौलवी के सामूहिक रूप से हिंदू युवक युवतियों के धर्मांतरण व उनके विवाह की घोषणा से हिंदू समुदाय में बेहद रोष बना हुआ है। शासन प्रशासन को इस पर कड़ा एक्शन लेना चाहिए। शिवसेना पश्चिम उत्तर प्रदेश शिंदे गुट (ईकाई) ज्ञापन के माध्यम से मांग करती है, उक्त दंगाई मौलवी को तत्काल प्रभाव से गिरफ्तार कर उस पर देश में दंगे भड़काने और राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का मामला दर्ज कर रासुका के तहत कार्रवाई की जाए। तौकीर रजा के विरुद्ध सख्त कार्रवाई न होने की दशा में शिवसेना पश्चिम उत्तर प्रदेश के तमाम जनपदों में सड़क पर उतर कर उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। उपजिलाधिकारी रामपुर मनिहारान जिला सहारनपुर उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देने के अवसर पर जिला प्रमुख शिवसेना सोनू तोमर, मंडल सचिव शिवसेना दिनेश शर्मा, जिला महासचिव शिवसेना शिवकुमार सक्सेना, ब्लॉक प्रमुख सागर पंवार, ब्लॉक महासचिव श्याम सिंह, जिला कोष प्रमुख नमन जैन, ब्लॉक संगठन मंत्री प्रियांशु, जिला मीडिया प्रभारी मोहित ठाकुर, राजेश कुमार, नितिन पंवार, केशव, श्री आशु पाल,व विकास कुमार जी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद की जनता की मूल-भूत समस्याओं को लेकर सी पी आई (एम) गाजियाबाद जिला कमेटी द्वारा 18 जुलाई 2024 को जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद जिला अधिकारी को ज्ञापन 11 मांगों को लेकर दिया गया जो इस प्रकार हैं मांगों का 11 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन जिलाधिकारी को देकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजा गया। ज्ञापन निम्न प्रकार है:- जनपद गाजियाबाद एक बड़ा औद्योगिक शहर होने के कारण सबसे ज्यादा राजस्व यहां से सरकारी विभागों व निगमों के पास जाता है, लेकिन विकास के नाम पर केवल दिखावा किया जा रहा है खास तौर पर जहाँ मजदूर वर्ग व गरीब तबके के लोग निवास करते हैं वहाँ पर विकास कार्य नहीं हो रहा है। निगम के अधिकारियों व ठेकेदारों और पार्षदों की मिली भगत से लूट-खसोट जारी है और सांसद व विधायक तथा महापौर भी जनता की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं। गाजियाबाद में व्याप्त जन समस्याओं के चलते यहां के नागरिकों का जीवन बेहद कठिनाइयों से गुजर रहा है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में पीने का पानी, गंदे पानी की निकासी, सीवर, सफाई, नाली-खरंजा-सड़क, निगम के स्कूलों व डिस्पेंसरी तथा बारात घरों की सुविधा आम आदमी को नहीं मिल पा रही है और निगम व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गाजियाबाद को स्वच्छता व विकास में नंबर एक बताकर लाखों-करोड़ों रुपए प्रचार-प्रसार पर जनता की गाढ़ी कमाई से कर (टैक्स) वसूली करके बर्बाद किया जा रहा है और आम लोग जीने के लिए सबसे आवश्यक वस्तु पानी भी खरीद कर पीने के लिए मजबूर हैं। वसुँधरा जोन के निवासियों को नेताओं द्वारा कई वर्षों से क्षेत्र में अस्पताल व कालेज खुलवाने का झूठा ख्वाब दिखा कर हमेशा चुनाव में वोट लेकर ठगा गया है लेकिन दोनों काम अब तक नहीं हुए हैं। देश व प्रदेश में आम आदमी के जरूरत की सभी वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है, लेकिन मंहगाई के अनुसार मजदूरों/कर्मचारियों के वेतन भत्ता आदि में बढ़ोत्तरी सरकार नहीं कर रही है इतना ही न ही लोगों की आमदनी में कमी आयी है, जिसके कारण आम आदमी का गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। केन्द्र सरकार द्वारा पूंजीपतियों के हित में चार श्रम संहिताएं (कानून) बनाकर मजदूरों को गुलाम बनाकर उनका शोषण उत्पीड़न किए जाने के लिए सभी रास्ते खोल दिए गए हैं। इसी तरह खोखा-रेहडी-पटरी-पैठ वालों को अतिक्रमण के नाम पर उजाड़ कर बेरोजगार किया जा रहा है और इन गरीब लोगों से जबरन अवैध वसूली की जा रही है।

लोनी क्षेत्र में खुदरा कारोबारी/दुकानदार होटल-ढाबा-ठेले के माध्यम से मुर्गा-मछली-अंडा-बिरियानी आदि को बेचकर अपने परिवार की गुजर-बसर करने वाले अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को निशाना बनाते हुए लगातार दमन-उत्पीड़न करके उनको बेरोजगार किया जा रहा है। इसके अलावा मुस्तफाबाद, कंचन पार्क, इकराम नगर, टोली मोहल्ला, प्रेमनगर, पूजा कॉलोनी, कासिम विहार आदि क्षेत्रों में गंदे पानी की निकासी की भी बहुत बड़ी समस्या है।

उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा मंहगी बिजली खरीदने के बाद भी लोग रात-दिन परेशान रहते हैं।




लोनी के साथ-साथ गाजियाबाद के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली की अंधा-धुंध कटौती के कारण इस उमस भरी भयंकर गर्मी में लोगों का जीना दूभर हो गया है। मांगें:- 1. यह है कि जिन कालोनी/बस्तियों में पीने के पानी की पाइप लाइन नहीं है वहां पाइपलाइन डाल कर मीठा पानी (गंगाजल) की सप्लाई दी जाए।

2. कड़कड़ मॉडल, झंडापुर, महाराजपुर, साहिबाबाद, पीर कालोनी, मकनपुर, प्रह्लादगढ़ी आदि सभी गाँव/कालोनियों तथा लोनी क्षेत्र की सभी बस्तियों में सीवर लाइन डालकर उसे फौरन चालू किया जाए और सफाई व्यवस्था को ठीक किया जाये।

3. लोनी की कंचन पार्क कालोनी के मेन नाले पर किये गए अतिक्रमण को हटाया जाये और गंदे पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए और गाजियाबाद के सभी नाला-नालियों की नियमित सफाई की जाए।

4. नाली-खरंजा-सड़कों पार्कों का निर्माण व मरम्मत का कार्य पूरा किया जाए।

5. शिक्षा व स्वास्थ्य की उचित व्यवस्था की जाए और वसुंधरा जोन में अस्पताल व कॉलेज का निर्माण अविलंब किया जाए।

6. यह है कि प्रत्येक वार्ड में सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाए।

7. महंगाई व बेरोजगारी एवं ठेकाकरण तथा निजीकरण पर रोक लगाई जाए और गाजियाबाद व हापुड़ उत्तर प्रदेश के मजदूरों को दिए जा रहे वेतन रुपए 10648/- में बढ़ोतरी करके दिल्ली के मजदूरों को मिल रहे वेतन रुपए 17494/- के बराबर वेतन 8 घंटे का दिया जाए।

8. आयकर दायरे से बाहर सभी परिवारों का राशन कार्ड बनाया जाए एवं गेहूँ-चावल के साथ-साथ केरल सरकार की तरह जनता को दी जा रही रसोई के लिए आवश्यक 14 वस्तुओं ₹दाल, चीनी, तेल, साबुन, नमक आदि ₹ को सस्ती दर पर गाजियाबाद की जनता को भी उपलब्ध कराया जाए।

9. लोनी क्षेत्र में होटल-ढाबा-ठेली के माध्यम से मुर्गा-मछली-अंडा-बिरियानी आदि के विक्रेताओं के रोजगार पर हमला बंद किया जाए।

10. स्वरोजगार में लगे खोखा-रेहडी-पटरी वालों को उजाड़ना बंद किया जाए तथा उनके रोजगार की वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने के बाद ही उन्हें हटाया जाए और उनसे अवैध वसूली बंद की जाये।

11. लोनी क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाई जाये और पूरे गाजियाबाद में 24 घंटे बिजली सप्लाई दी जाये।

आज के कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बी के एस चौहान, ईश्वर त्यागी, त्रिफूल सिंह, अबरार अहमद, रेनू झा, जी एस तिवारी, सत्य प्रकाश त्यागी द्वारा संबोधित किया गया। प्रदर्शन में रविंद्र कुमार, शाहीन बेगम, ब्रम्ह जीत सिंह, रुकसाना बेगम, श्रीकृष्ण सिंह, राजवीर सिंह, देवेंद्र शर्मा, आर एस भंडारी, ठाकुर दास, जे पी शुक्ला, सुमन सिंह, बसंती, नूर अफसां, भावना त्यागी, नगमा, सीता, टूना, उर्मिला, रानी, प्रदीप वर्मा आदि भारी संख्या में लोग शामिल थे।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन का आरटीई के दाखिलों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना

## एडीएम सिटी ने किया आश्वस्त कल होगी जिलाधिकारी की स्कूलों के साथ मीटिंग

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज निशुल्क एवम अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत चयनित बच्चो के दाखिलों के लिय जिलाधिकारी कार्यालय पर सुबह 10 बजे से धरना शुरू कर दिया है लगभग 2 बजे के आसपास एडीएम सिटी गंभीर सिंह ने धरने पर बैठे जीपीए के पदाधिकारियों और अभिभावकों के साथ मीटिंग की और कहा की आप जिला प्रशासन को एक दिन का समय दे कल जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आरटीई के दाखिलों के लिय स्कूलों के साथ सख्ती से मीटिंग की जाएगी और सभी बच्चो का दाखिला सुनिश्चित कराया जायेगा और अगर कोई स्कूल दाखिला लेने में आनाकानी करेगा तो उस पर तत्काल कार्यवाई की जाएगी मीटिंग में सभी पेरेंट्स ने अपनी पीड़ा एडीएम सिटी को बताई की किस प्रकार पिछले 5 महीने से स्कूल उनको चक्कर कटा रहे है और बेसिक शिक्षा अधिकारी कुछ नही कर पा रहे। एडीएम सिटी के अनुरोध और आश्वासन पर धरना



अगले निर्णय तक स्थगित कर दिया गया इस धरने में बड़ी संख्या में आरटीई के अभिभावक और बच्चे शामिल है यहां आपको बता दे की मार्च माह से प्रारंभ हुई आरटीई की चार चरणों की लाटरी में लगभग 6200 बच्चो का चयन हुआ था लेकिन 5 महीने बीत जाने के बाद भी दाखिलों का आंकड़ा 50% को नही छू पाया है अभिभावक लगातार स्कूल और अधिकारियो के चक्कर लगा रहे है लेकिन कोई सुनवाई अधिकारियो द्वारा नही की जा रही है जिसके कारण आज गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन को गरीब बच्चो को शिक्षा का अधिकार दिलाने के लिए धरने पर बैठने को विवश होना पड़ा हालाकि जीपीए द्वारा शासन और प्रशासन को पहले ही दे दी थी अब देखना यह है की आरटीई के गरीब बच्चों के अभिभावकों और गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन का यह धरना अधिकारियो और सरकार पर कितना असर डालता है इस मौके पर अनिल सिंह , सत्यपाल चौधरी , राजू सैफी, धर्मेंद्र यादव, साधना सिंह , अरुण त्यागी , नरेश कुमार , कोशल ठाकुर , राहुल कुमार , नीलम , अनिल कुमार , गौरव कुमार , अकील खान , राजन ,भूपेंद्र नाथ ,बबिता , ज्योति , शालू , विपिन कुमार ,मनीष , गोपाल कृष्ण , कौशलेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे

# गाजियाबाद भाजपा महानगर अध्यक्ष संग जनप्रतिनिधियों ने डीएम सर्किल रेट पर नहीं होने देंगे टैक्स बढ़ोतरी लिया संकल्प



**गाजियाबाद(आशा चौधरी)** गाजियाबाद भाजपा के नेहरू नगर स्थित मुख्यालय पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में एक बैठक जनप्रतिनिधियों के साथ आहुत की गई। जिसमे डीएम सर्किल रेट पर टैक्स बढ़ोतरी के विषय पर ठोस निर्णय हेतु गहन मंत्रणा हुई।

इस निर्णायक बैठक में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, सांसद अतुल गर्ग , कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, विधायक अजीत पाल त्यागी और महापौर सुनीता दयाल प्रमुख रूप से शामिल रहे। बैठक के दौरान शहर में चल रहे बडे. विवाद टैक्स बढ़ोतरी के विषय पर सभी जन प्रतिनिधियों व महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने एक सुर में सुर मिलाते हुए पुर जोर विरोध दर्ज कराया तथा सभी जनप्रतिनिधियों ने इस बात का संकल्प लिया कि डीएम सर्किल रेट से टैक्स नहीं बढ़ने दिया जायेगा अगर आवश्यकता पड़ी तो जनप्रतिनिधि गण सदन की बैठक मे टैक्स वृद्धि का विरोध करने के लिए सदन मे भी अपनी आपत्ति दर्ज कराएंगे। महापौर सुनीता दयाल व सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने ठोस लहजे में बात रखते हुए कहा कि टैक्स बढ़ोतरी न हो इसके लिए वे पूर्ण संघर्ष रत रहेंगे । सभी जनप्रतिनिधि और भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने जनता के हित को सर्वोपरि मानते हुए डीएम सर्किल रेट पर टैक्स बढ़ोतरी होने का साझा विरोध जताया।

# गाजियाबाद मुख्य विकास अधिकारी, अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि एवं विधान मण्डल क्षेत्र) योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी


संस्कार उजाला



सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि एवं विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत निर्माण कार्यों के संबंध में दिनांक 18-07-2024 को मुख्य विकास अधिकारी, अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में उपस्थित प्रज्ञा श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण गाजियाबाद, कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लोक निर्माण विभाग, यू०पी०एस०आई०सी०, यू०पी० सिडको, विकास खण्ड रजापुर, मुरादनगर, भोजपुर, लोनी आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया । बैठक में प्रगति पर चल रहे समस्त कार्यों की समय सारणी तेय की गयी और 31 जुलाई, 2024 तक उच्च गुणवत्ता पूर्ण सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

# गाजियाबाद भाजपा ने की निगम कार्यकारिणी के नामों की घोषणा

संस्कार उजाला




**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद बैठक में निगम कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम पर गहन चर्चा वार्ता कर चार सदस्यों के नाम पर अंतिम मुहर लगी । जिन सदस्यों के नाम तय किए गए उनमें नरेश भाटी, अमित मुद्गल, पूनम सिंह, नीरज गोयल कार्यकरिणी सदस्य के रूप में नाम तय किए गए। यह जानकारी भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी के हवाले से महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और महापौर सुनीता दयाल के हस्ताक्षरित पत्र के साथ दी गई।

# गाजियाबाद में बिजली विभाग का एक और कारनामा सामने आया

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद(आशा चौधरी)** गाजियाबाद में बिजली विभाग अपने मनमानियां करते नहीं थम रहा है बिजली विभाग के कर्मचारीयो की गलतियों का खामियाजा उपभोक्ता भुगत रहे हैं बताते चलें की , इस खबर को देखते ही आपके भी होश उड़ जाएंगे बिजली विभाग ने कवि नगर के सी ब्लॉक में एक छोटी सी दुकान चलाने वाले दुकानदार को एक महीने का बिजली का बिल 14 लाख 48000 का भेजा है इतना बिल देख कर दुकानदार की हालत खराब हो गई दुकानदार ने बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से बिल को ठीक करने की गुहार लगाई है बिजली का बिल देखकर दुकानदार की हालत खराब है वी ओ: जब इस बारे में पीड़ित गिरीश से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने इसकी शिकायत चीफ इंजीनियर नीरज स्वरूप से की है इसके बावजूद अभी तक इस शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है उन्होंने बताया कि अगर दोबारा बिल जनरेट नही किया गया तो वो अपना घर बेचने पर मजबूर हो जाएंगे और जिला छोड़ देंगे एल आपको बताते चले कि यह आए दिन बिजली बिल में गड़बड़ी देखने को मिलती हैं जिसके बाद उपभोगता परेशान होने पर मजबूर हो जाते हैं, दरअसल बिजली विभाग में बिल जनरेट करने और उपभोक्ताओं तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निजी कंपनी कुवैत इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को दी गई है कंपनी की गलती के चलते हो भोक्ताओं को परेशान होना

# गाजियाबाद फरीदनगर में जल निकासी के समाधान हेतु जिलाधिकारी ने दिये आदेश

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में फरीदनगर में जल निकासी की समस्या को लेकर बैठक आहूत हुई।

फरीदनगर की ईओ ऑचल पाण्डेय ने जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया कि फरीदनगर में जल निकासी ना होने से स्थानीय लोगों के घरों का दूषित पानी तालाबों में जाता है, जिसका निवारण करना अति आवश्यक हैं। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक में उपस्थित प्रोजेक्ट मैनेजर सीएनडीएस रणजीत कुमार को उक्त समस्या




के निदान हेतु आदेशित किया। जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने अवगत कराया कि उस कार्य के निस्तारण हेतु फरीदनगर में सर्वे कराकर डीपीआर तैयार की जायेगी। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्य को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण पूरा कराया जाए। सर्वे और डीपीआर हेतु 30 जुलाई 2024 तक का समय निर्धारित किया गया। बैठक में जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, जेई फरीदनगर स्मृति गुप्ता सहित अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद सभी धर्म के शत प्रतिशत पर्सनल लॉ लागू करने या फिर एक समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के संबंध में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सोपा ज्ञापन

संस्कार उजाला

01.सामाजिक संगठन रसम पिछले दो दशक से राष्ट्रहित के विभिन्न विषयों पर अनवरत जन जागरण अभियान सफलतापूर्वक चलाकर लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए कृत संकल्प है

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद संगठन रसम की तरफ से भारत के नागरिकों की आवाज आपके समक्ष प्रेषित करने के क्रम में विनम्र निवेदन करते हुए कहना चाहते हैं कि भारत अनेकता में एकता के लिए जाना जाता है जिसमें विभिन्न मत मतांतर रखने वाले समुदाय और धर्म को मानने वाले निवास करते हैं भारत का सर्वोच्च न्यायालय एक से अधिक बार एक समान नागरिक संहिता के लिए भारत सरकार को निर्देशित कर चुका है भारत के संविधान के मूल आत्मा में भी एक समान नागरिक संहिता बड़े गहरे से बैठी हुई है इसलिए बिना विलंब किए हुए आजादी के अमृत काल में इस विषय संबंधित प्रस्ताव को शीघ्र पारित कर संपूर्ण भारतवर्ष में एक समान नागरिक कानून लागू करना चाहिए राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए एकरूपता होनी ही चाहिए ऐसा न होने की स्थिति में सबके विभिन्न आस्थाओं का सम्मान करते हुए सभी मत संप्रदाय और धर्मावलम्बियों को उनके शतप्रतिशत पर्सनल लॉ लागू करने चाहिए आधे अधूरे पर्सनल को किसी भी समुदाय को देना उनकी आस्था और मजहबी भावनाओं का हनन प्रतीत होता है ७संगठन के सभी सहयोगी साथियों कार्यकताओं व सदस्यों का स्पष्ट रूप से मत है कि सबके *अलग-अलग पर्सनल लॉ लागू करने से आपसी सौहार्द को बढ़ाने का वातावरण बनेगा राष्ट्रीय एकता अखंडता को चिरकाल तक चिर स्थाई बनाए रखने के लिए यह कदम भी अपने आप में राष्ट्र को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण रूप से सहायक साबित होगा। विश्व में अनेक स्थानों पर जहां पर्सनल लॉ शरियत शतप्रतिशत लागू है वहां अपराध की दरों में बहुत कमी है अपराध मुक्त समाज निर्माण के लिए यह कदम कारगर साबित होगा हम सबको आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि आप इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए जन भावनाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र निर्णय कर एक समान नागरिक संहिता या फिर सबके अलग-अलग पर्सनल लॉ हर मत संप्रदाय और धर्मावलंबियों के लिए पूर्ण रूप लागू करेंगे



# गजियाबाद में तैनात रहे IPS कुंवर ज्ञानंजय सिंह बने हापुड़ के नए एसपी, जानिए अभिषेक वर्मा को क्यों हटाय

संस्कार उजाला

। **हापुड़** हापुड़ जिले के नए पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने चार्ज संभाल लिया है। उनके द्वारा गार्द की सलामी ली गई और जिले का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। दरअसल, उत्तर प्रदेश डीजीपी मुख्यालय ने मंगलवार देर रात एक बड़े फेरबदल के तहत हापुड़ के एसपी अभिषेक वर्मा को उनके पद से हटाकर प्रतीक्षारत कर दिया है। उनके स्थान पर गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में तैनात कुंवर ज्ञानंजय सिंह को हापुड़ का नया एसपी बनाया गया है। वहीं, भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तैनात एसपी राजेश कुमार द्वितीय को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त के पद पर तैनात किया गया है। आईपीएस अभिषेक वर्मा को मुख्यालय से अटैच कियादरअसल, जिले में पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल हुआ है। आईपीएस अभिषेक वर्मा को उनके पद से हटाकर मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। उनके स्थानांतरण की चचाएं काफी समय से हो रही थीं। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक उनके स्थानांतरण के कुछ ही घंटों बाद अपर पुलिस अधीक्षक (अरढ) राजकुमार अग्रवाल को भी जिले से हटाकर मुख्यालय अटैच कर दिया गया है। राजकुमार अग्रवाल को आए हुए ज्यादा समय नहीं हुआ था और उन्हें व्यवहारिक अधिकारी माना जाता है।

# विद्यावती मुकंद लाल गर्ल्स कॉलेज दयानंद नगर, गाजियाबाद। (एनएएसी को 'ए' ग्रेड और कॉलेज विद पोटेंशियल फॉर एक्सीलेंस अवार्ड से पुन: मान्यता प्राप्त) (चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्ध)

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद से संवाददाता कपिल शर्मा**

**विद्यावती** मुकन्दलाल गर्ल्स कॉलेज, गाजियाबाद में दिनांक 18-07-2024 को अनुशासन परिषद के तत्वावधान में पुलिस प्रशासन उत्तर प्रदेश द्वारा छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु माह जुलाई से कानूनों में होने वाले संशोधनों की विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से पिंक बूथ (ढल्ल' इङ्खङ्घ३ँ), गाजियाबाद के सौजन्य से एक 'जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या एवं मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो० (डॉ०) शिखा सिंह ने की। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों तथा प्राचार्या एवं शिक्षिकाओं के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में पौधा रोपड़ करके हरियाली का सन्देश दिया गया। कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य अतिथि कु० रितु त्यागी (एस०ओ०) महिला थाना ने 01 जुलाई, 2024 से आपराधिक कानूनों-भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक



सुरक्षा संहिता और भारत साक्ष्य अधिनियम में बदले हुए प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। इसके अन्तर्गत उन्होंने धारा 69 के विषय में भी बताया ताकि छात्रायें जागरूक हो सकें। इसके अतिरिक्त उन्होंने पाक्सो एक्ट में परिवर्तन के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। इसी संदर्भ में उन्होंने विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों जैसे-112, 1930 आदि के सम्बन्ध में भी जानकारी दी ताकि छात्रायें किसी भी अप्रिय घटना के होने के सम्बन्ध में तत्काल पुलिस



प्रशासन से सम्पर्क कर सकें। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि, थाना प्रभारी (पिंक बूथ) सीमा मालन जी ने वूमन पॉवर हेल्प लाइन 1090 के बारे में वीडियो के माध्यम से छात्राओं को जानकारी दी। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल थाना प्रभारी तरुणा सिंह ने मानव तस्करी एवं शोषण पर अपने विचार व्यक्त किये। महिला एवं समाज कल्याण विभाग की काउंसलर अंजना चौहान ने महिला हेल्प लाइन 181 के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। इसी क्रम में परम सेवा संस्थान की अनु अरोड़ा ने छात्राओं को अपनी जीवन में आगे बढ़ने और कुछ करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ० रियंका सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजिका एवं अनुशासन परिषद प्रभारी डॉ० शालिनी सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अनुशासन परिषद प्रभारी डॉ० मीना शुक्ला, एन०एस०ए० कार्यक्रम अधिकारी डॉ० निधि रानी सिंह, डॉ० ऊषा देवी वर्मा, एन०सी०सी० प्रभारी डॉ० कनक राज चांदना, रेंजर्स प्रभारी डॉ० नीलम करनवाल, डॉ० गुड़िया बानो, प्रो० शबनम छाबड़ा, श्रीमती सीमा चौधरी, प्रो० राजश्री चतुवेर्दी, प्रो० रचना प्रसाद, प्रो० अल्पना मोहन, डॉ० नीलम सिंह, डॉ० शम्पा चौधरी, श्रीमती स्नेहा राय प्रियदर्शनी, सुश्री बबली यादव, डॉ० उपासना शर्मा, डॉ० दुलारी चावला, डॉ० रेशमा माहेश्वरी, डॉ० पूनम मुक्तावत, श्रीमती प्रिंसी जैन, डॉ० नीरू जैन आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं ने पूर्ण छुत्साह के साथ सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# गाजियाबाद जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की मासिक बैठक सम्पन्न

**कांवड़ यात्रा के दौरान भक्तों को जरूरत के अनुसार चिकित्सीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाए: जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**

संस्कार उजाला

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)** गाजियाबाद महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला आयुष समिति की मासिक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पूर्व निर्धारित बैठक एजेण्डे के अनुसार निर्णय लेते हुए जिलाधिकारी महोदय ने विशेष रूप से जनपद गाजियाबाद के कांवड़ मार्गों पर कैम्प लगाकर कांवड़ यात्रियों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा० अशोक कुमार राना को निर्देश दिये। साथ ही कहा कि कांवड़ मार्ग पर कैम्प लगाकर कांवड़ यात्रियों




सहित अन्य शिवभक्त यात्रियों को जरूरत के अनुसार दवाई, पट्टी सहित अन्य चिकित्सीय सेवाऐं उपलब्ध कराई जाए। बैठक में जनपद के आयुष समिति के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा० अशोक कुमार राना, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी एवं समिति सदस्य, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, आयुष उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राजकुमार शर्मा ने वैकुंठ मीडिया प्राइवेट लिमिटेड सी -285, सेक्टर-11, विजय नगर, गाजियाबाद से छपवाकर कार्यालय 178 राहुल विहार विजय नगर,गाजियाबाद से प्रकाशित किया है। किसी खबर या लेख से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गाजियाबाद में होगा। प्रबंध संपादक-महेश कुमार - 9911733939, कानूनी सलाह- नरेंद्र सिंह रणोत एडवोकेट, सलाहकार कुशल सिंह, RNI No-UPHIN/2013/50466, Editor R.K. Sharma : 09456278011